मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 202
शुक्रवार, 07 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## जातिवाद का जहर फैलाने का हो रहा प्रयासः पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 06 फरवरी।** राज्यसभा में बोलते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज समाज में जाति का जहर फैलाने की कोशिश की जा रही है। कई सालों से सभी पार्टियों के ओबीसी सांसद ओबीसी पैनल को संवैधानिक दर्जा देने की मांग कर रहे थे। लेकिन उनकी मांग खारिज कर दी गई, क्योंकि यह कांग्रेस की राजनीति के अनुकूल नहीं हो सकता था। लेकिन हमने इस पैनल को संवैधानिक दर्जा दिया। मोदी ने कहा कि भारत के पास जो समय है, उसके पल-पल का उपयोग देश की प्रगति के लिए, जन-सामान्य के लिए हो। इसके लिए हमने परिपूर्णता का अप्रोच अपनाया।प्रधानमंत्री ने कहा कि जो योजना बनें, जिनके लिए बनें, उनको उसका शत-प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए। किसी को दिया, किसी को नहीं दिया, उस स्थिति से बाहर आकर परिपूर्णता के अप्रोच की ओर हमारे काम को हमने आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमने दिव्यांगों के लिए आरक्षण का विस्तार किया। हमने दिव्यांगों के लिए मिशन मोड में काम किया। हमने दिव्यांगों के लिए न सिर्फ कई योजनाएं बनाईं, बल्कि उनका क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया। हमने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए कानूनी अधिकार भी सुनिश्चित किए। इससे यही पता चलता है कि हम 'सबका साथ, सबका विकास' के आदर्श पर जीते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र से प्रेरित होकर सामान्य वर्ग के गरीबों को 10% आरक्षण दिया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर से नफरत करती थी-



इसकी पुष्टि के लिए कई दस्तावेज हैं। कांग्रेस ने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी कि डॉ. अम्बेडकर को दो बार चुनावों में हार मिले। उन्होंने कभी भी उन्हें भारत रत्न के लिए नहीं माना। इस देश के लोगों ने देश के लिए बाबा साहब के योगदान का सम्मान किया है और तब आज कांग्रेस को मजबूरन 'जय भीम' बोलना पड़ रहा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की विकास यात्रा में नारीशक्ति के योगदान को कोई नकार नहीं सकता। लेकिन अगर उनको अवसर मिले और वो नीति-निर्धारण का हिस्सा बनें तो देश की प्रगति में और गति आ सकती है। इस बात को ध्यान रखते हुए हमने इस नए सदन के पहले निर्णय के रूप में 'नारीशक्ति अधिनियम' पारित कराया।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में, हमने समाज के कई छोटे वर्गों, जैसे चमड़ा और जूता उद्योग, को छुआ है। इससे हमारे समाज के गरीब लोगों को फायदा होगा. उदाहरण के लिए, खिलौना उद्योग ज्यादातर गरीबों को रोजगार देता है। हमने उस पर ध्यान केंद्रित किया और इस उद्योग में काम करने वाले लोगों को सशक्त बनाने का प्रयास किया है। इससे व्यापक बदलाव आया है। पहले हम खिलौने आयात करते थे लेकिन आज, हम 3 खिलौने निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति का मंत्र हमेशा दूसरे की लकीर छोटी करना रहा...इसके कारण उन्होंने सरकारों को अस्थिर किया। किसी भी राजनीतिक दल की सरकार कहीं बनी तो उसे अस्थिर कर दिया। उन्होंने (कांग्रेस) जो ये रास्ता चुना है उसके चलते लोकसभा चुनाव के बाद उनके साथ जो थे, वे भी भाग रहे हैं।

## पवित्र पहाड़ी मंदिर-दरगाह विवाद पर बीजेपी-डीएमके में टकराव, एच राजा के खिलाफ मामला दर्ज

**मदुरै, 06 फरवरी।** मदुरै पुलिस ने थिरुपरनकुंड्रम विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के लिए भाजपा नेता एच राजा के खिलाफ मामला दर्ज किया, जहां डीएमके ने पार्टी पर दंगे भड़काने का प्रयास करने का आरोप लगाया। सुब्रमण्यपुरम पुलिस द्वारा विरोध प्रदर्शन के फुटेज की समीक्षा करने के बाद एच राजा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसे अदालत द्वारा लगाई गई सख्त शर्तों के तहत रिकॉर्ड किया गया था। बीजेपी नेता पर नफरत फैलाने वाले भाषण के लिए चार धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती मंत्री पीके शेखर बाबू ने बुधवार को चेतावनी दी कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन किसी भी हिंसा को सख्ती से दबा



देंगे। बाबू ने आरोप लगाया कि मदुरै के पलंगनाथम में 4 फरवरी का विरोध प्रदर्शन हिंदू संगठनों के बजाय भाजपा सदस्यों द्वारा संचालित था और इसका उद्देश्य द्रमुक सरकार के लिए परेशानी पैदा करना था। शायद, उत्तरी राज्यों में यह संभव हो सकता है। मैं एच राजा और के अन्नामलाई को बताना चाहूंगा कि हमारे मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने हमें इसे कम करने के लिए कहा है। आप यहां (तमिलनाडु) दंगे भड़काने की कोशिश कर रहे हैं जैसे आप उत्तरी राज्यों में करते हैं। यहां के मुख्यमंत्री दृढ़ निश्चयी, लौह पुरुष हैं। उन्होंने विरोध को अनुचित बताते हुए खारिज कर दिया और भाजपा पर ङ्गैर-मुद्देङ से राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया। विवाद से संबंधित सदियों पुराने अदालती मामलों का हवाला देते हुए, जिसमें ब्रिटिश शासन के दौरान प्रिवी काउंसिल द्वारा तय किया गया एक मामला और 2023 और 2025 के दो लंबित मामले शामिल हैं। मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार कानूनी निदेशों का पालन कर रही है। ङ्खसरकार अदालत के आदेशों का पालन करेगी। सरकार सभी लोगों के लिए है," उन्होंने कहा कि वह जल्द ही मदुरै में थिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी का निरीक्षण करेंगे।

### निशिकांत दुबे का आरोप, वोट बैंक के लिए देश को बांटने को तैयार हैं राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह वोट बैंक के लिए देश को विभाजित करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक वह सोमवार को सदन में अपने भाषण के दौरान लगाए गए अपने विभिन्न आरोपों को प्रमाणित नहीं कर देते, तब तक नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया जाएगा। राहुल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मैंने उनसे लोकसभा में जो कहा है उसे प्रमाणित करने के लिए कहा है, अगर वह ऐसा करते हैं तो अच्छा है अन्यथा उनके खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया जाएगा। मैं कभी भी संसद का दुरुपयोग नहीं करता।

## ट्रैक्टर के पलटने से तीन स्कूली छात्रों की मौत, एक घायल

**धमतरी, 06 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार तीन स्कूली छात्रों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को जिले के कुरूद क्षेत्र के अंतर्गत चर्रा गांव के करीब ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार मोंगरा गांव निवासी प्रीतम चंद्राकर (16), मयंक ध्रुव (16) और चर्रा गांव निवासी होनेंद्र साहू (14) की मौत हो गई तथा बानगर गांव निवासी अर्जुन यादव घायल हो



गया। उन्होंने बताया कि चारों लड़के स्कूल न जाकर प्रीतम के ट्रैक्टर में सवार होकर कुरूद गांव की ओर गए थे। ट्रैक्टर प्रीतम चला रहा था। पुलिस ने कहा कि वापसी के दौरान जब वह चर्रा गांव के करीब पहुंचे तब एक तालाब के करीब ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

इस घटना में ट्रैक्टर में दबकर तीन लड़कों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण वहां पहुंचे तथा उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा तथा शवों और घायल को अस्पताल भेजा। घायल अर्जुन की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## बाप-दादा के कातिल को मारने वाला 5 हत्यारोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

- राजेंद्र गुप्ता परिवार को गोलियों से भूनकर दी थी घटना को अंजाम
- चाचा-चाची और 3 बच्चों की हत्या के बाद से था फरार
- 25 साल पुराना था दर्द, अब महसूस कर रहा सुकून

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** शहर के भदैनी में पांच लोगों की हत्या का आरोपी विशाल गुप्ता उर्फ विक्की गुरुवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने तमाम प्रयासों के बाद भदैनी हत्याकांड के आरोपी एक लाख के इनामी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि विशाल गुप्ता उर्फ विक्की ने 5 नवंबर 2024 को भेलूपुर क्षेत्र के भदैनी इलाके में अपने चाचा राजेंद्र गुप्ता, उनकी पत्नी और तीन बच्चों की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी थी. उसके बाद से ही वह फरार चल रहा था. पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी. अब उसे सफलता मिली है.

वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि वाराणसी के भदैनी क्षेत्र में दर्दनाक हत्याकांड मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है. दोनों आरोपी परिवार के ही सदस्य हैं जिन्होंने अपने चाचा और उनके परिजनों की हत्या कर दी. दो अभियुक्तों में से एक का



नाम विशाल गुप्ता उर्फ विक्की और दूसरा उसका भाई प्रशांत गुप्ता बताया जा रहा है. आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि इस हत्याकांड में मृतक राजेंद्र गुप्ता ने 25 साल पहले उनके पिता और दादा की हत्या कर दी थी. इसके बाद चाचा राजेंद्र गुप्ता मानसिक और शारीरिक रूप से उन्हें प्रताड़ित करता था, उनके व्यवहार से वह काफी परेशान था. इससे तंग आकर नवंबर 2024 से 2 साल पहले ही राजेंद्र गुप्ता और उसके परिवार को मारने की योजना बनाई गई. विशाल गुप्ता उर्फ विक्की ने ही राजेंद्र गुप्ता उसकी पत्नी और अन्य 3 सदस्यों को गोली मारा था, जबकि उसके भाई प्रशांत गुप्ता ने इस घटना में आर्थिक रूप से विशाल को मदद की थी.

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस से बचने का यह दोनों हर हथकंडा अपना रहे थे. इनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं था लेकिन आईटी सेक्टर और पढ़ाई लिखाई में बेहतर होने की वजह से यह अलग-अलग शहरों में ठिकाना ले रहे थे. आज जब यह वाराणसी पहुंचे तो पुलिस टीम ने इन्हें दबोच लिया. आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली वाराणसी पुलिस की टीम को सीपी मोहित अग्रवाल ने 1 लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है. पुलिस के मुताबिक शक के घेरे में आए बड़े भतीजे विशाल गुप्ता उर्फ विक्की के छोटे भाई प्रशांत गुप्ता उर्फ जुगनू ने परिवार के बारे में अहम जानकारियां दी थी। उसी के निशानदेही पर पुलिस ने आरोपी विक्की और उसके भाई को जुगनू को गिरफ्तार कर लिया है। जुगनू ने पुलिस को बताया कि उसके पिता कृष्णा और मां बबिता की हत्या बड़े पापा राजेंद्र ने गोली मार कर कराई थी। मां-बाप का केस खत्म हो गया तो विक्की अकसर दादी से लड़ता था कि उसे गवाह क्यों नहीं बनाया गया? वह गवाही देता और बताता कि उसके मां-बाप की किसने और कैसे हत्या कराई थी।

जुगनू ने पुलिस को था बताया कि जब उसके मां-बाप की हत्या की गई थी तो उसे धकेल कर विक्की ने ही बचाया था। हालांकि, इसके बावजूद उसके पेट और बाजू में गोली लगी थी। जुगनू ने कहा था कि उसके बड़े पापा ने कभी उसे, विक्की और बहन डाली को एकसाथ नहीं बैठने दिया। तीनों बस दादी के सहारे किसी तरह से पले-बढ़े। बड़े पापा का डर ऐसा था कि वो जहां कहते थे, वह वहां आंख मूंद कर दस्तखत कर देता था। विक्की बचपन से ही बड़े पापा को पसंद नहीं करता था और कभी-कभार उनकी बात का विरोध करता था। इसी चक्कर में उसकी पिटाई भी होती रहती थी। बता दें, भदैनी निवासी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, उसकी पत्नी नीतू और तीन बच्चों नमनेंद्र, सुबेंद्र व गौरांगी का शव गत पांच नवंबर को उनके घर में मिला था। पांचों की गोली मार कर हत्या की गई थी। वारदात के बाद से ही राजेंद्र का बड़ा भतीजा विक्की लापता था। जबकि छोटा भतीजा पुलिस की निगरानी में था। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की रिपोर्ट और क्राइम सीन के अनुसार, पुलिस का अब मानना था कि विक्की ने अकेले ही अपने बड़े पापा सहित पांचों लोगों की हत्या की है।

पुलिस के अनुसार, भदैनी स्थित घर में नीतू, नमनेंद्र, गौरांगी और सुबेंद्र में किसी का भी शव बेड पर नहीं था। पुलिस का कहना है कि विक्की के साथ शूटर होते तो वह कहीं न कहीं कैमरे में जरूर कैद होते।

## वे देश पर एक विचार, एक इतिहास, और एक भाषा थोपना चाहते हैः राहुल गांधी

### यूजीसी ड्राफ्ट नियमों को लेकर सरकार पर बरसे राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 06 फरवरी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों के खिलाफ द्रमुक छात्र विंग के विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं कुछ समय से कह रहा हूं कि आरएसएस का उद्देश्य इस देश के अन्य सभी इतिहासों, अन्य सभी संस्कृतियों, अन्य सभी परंपराओं का उन्मूलन है। यही उनका शुरूआती बिंदु है और यही वे हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने संविधान पर हमला किया क्योंकि वे इस देश पर एक विचार, एक इतिहास, एक परंपरा और एक भाषा थोपना चाहते थे।

राहुल गांधी ने कहा कि यह प्रयास जो वे विभिन्न राज्यों की शिक्षा प्रणाली के साथ कर रहे हैं, वह उनके एजेंडे को आगे बढ़ाने का एक और प्रयास है। मैं चाहता हूं कि इस तरह के कई विरोध प्रदर्शन हों क्योंकि आरएसएस को यह समझाने की जरूरत है कि वे संविधान पर हमला नहीं कर सकते। वे हमारे राज्यों पर हमला



नहीं कर सकते। वे हमारी संस्कृतियों, हमारी परंपराओं और हमारे इतिहास पर हमला नहीं कर सकते। राहुल ने जोर देते हुए कहा कि आरएसएस का उद्देश्य अन्य सभी इतिहासों, संस्कृतियों और परंपराओं का उन्मूलन है। यही तो वे हासिल करना चाहते हैं। उनका इरादा देश पर एक ही विचार, इतिहास और भाषा थोपने का है। आरएसएस विभिन्न राज्यों की शिक्षा प्रणालियों के साथ भी ऐसा ही करने का प्रयास कर रहा है; यह उनके एजेंडे को आगे बढ़ाने का एक और कदम है। प्रत्येक राज्य की अपनी अनूठी परंपरा, इतिहास और भाषा होती है, यही कारण है कि संविधान में भारत को राज्यों का संघ कहा जाता है।









# मेरा लेख अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल



-ललित गर्ग

डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए। सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इस तरह होने वाली कमाई से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषतः डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है। इसी कारण अमेरिका जैसे देशों में भारतीय युवा अपने सपनों को पूरा होते हुए देखते है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा-पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका-कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और प्रतिभा-कौशल के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि अमेरिका के विकास में योगभूत बने हैं। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। यही कारण है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी की तुलना में एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी काफी कम रही है। यही कारण है कि इस बार के अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा भी बना था और राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डॉनल्ड ट्रंप इस मसले को रेखांकित भी किया, इस वजह से अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय की छवि भी प्रभावित हुई है।

भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछने अपनी जान गवाई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है।

# अगर अपनी संतानों को आज नहीं दिये यातायात नियम पालन संस्कार तो कल करना पड़ सकता है उनका अंतिम संस्कार

– राजकुमार जैन यातायात प्रबंधन मित्र

जो वाहन चालक अपनी सुरक्षा के प्रति सचेत हैं और अपने परिवार की खुशियों की परवाह करते हैं वो हर हाल में यातायात नियमों का पालन करते हैं। वरना स्वयं के साथ छल करने के बहाने तो सबके पास होते हैं। हम आम आदमी हैं, और सालों पहले हमारी सुरक्षा के लिए अस्तित्व में आए यातायात नियमों का पालन हमें हर हाल में करना चाहिए। कोई और करे या ना करे, पुलिस उनको पकड़े या ना पकड़े, अपने गंतव्य तक पहुंचने की कितनी भी जल्दी क्यों ना हो, अपनी सुरक्षा से समझौता करना मुनासिब नहीं है। हमारे परिवार के लिए, हमारी जान बहुत कीमती है। माता पिता, भाई, बहन, पत्नी, बच्चे, मित्र और परिजन सब हमें सुरक्षित देखना चाहते हैं। हमें अपने परिवार की चिंता करते हुए सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाना चाहिए। यातायात नियमों का पालन हमें अपनी सलामती और अपने परिवार की खातिर करना है, नाकि पुलिस या चालान से बचने के लिए। सड़क पर कोई और वाहन चालक अपनी जान का खतरा मोल लेते हुए नियमों से खेलता है तो उसका अनुसरण ना करते हुए हमारे लिए स्वयं को सुरक्षित रखना अनिवार्य रूप से जरूरी है। दुर्घटना का दुःख और खर्च दोनों ही हम आम आदमियों की सामर्थ्य से बाहर है, हमें तो हर हाल में सुरक्षित वाहन चालन को ही सर्वोच्च प्राथमिकता देना है।

# दुनिया के 50 देशों से बड़ा है मुंबई महानगर पालिका का बजट !



- अशोक भाटिया

मुंबई महानगरपालिका आयुक्त और प्रशासक भूषण गगरानी ने देश की सबसे समृद्ध मुंबई महानगर पालिका के बजट में मुंबईकरों के लिए खजाना खोल दिया। मंगलवार को गगरानी ने मुंबई महानगर पालिका के वर्ष 2025-26 का 74427.41 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह वर्ष 2024-25 के बजट 59954.75 करोड़ रुपये से 14473 करोड़ यानी 19.45% अधिक है. अरुणाचल प्रदेश,त्रिपुरा, मेघालय, मणिपूर, मिजोरम, जिसका आर्थिक आकार पूर्वोत्तर राज्य की अर्थव्यवस्था से भी अधिक है. खास बात तो ये है कि दुनिया के करीब 50 देश ऐसे हैं, जिनकी जीडीपी 8.50 बिलियन डॉलर भी नहीं है. जिसमें मॉन्टेंगरो, मालदीव, बारबडोस, भूटान जांबिया आदि देश हैं जिनकी जीडीपी मुंबई के सालाना बजट से भी देखने को मिल रही है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर मुंबई के बजट में किस तरह की चीजें हैं और दुनिया के वो कौन-कौन से देश हैं, जिनकी जीडीपी बीएमसी के बजट से कम है. खास बात तो ये है कि बीएमसी का बजट जितना है, उतना तो दुनिया के कई देशों की जीडीपी तक नहीं है. भूटान की कुल जीडीपी 3 बिलियन डॉलर से कुछ ज्यादा ही है. जबकि फिजी की कुल देशों की जीडीपी 5.8 बिलियन डॉलर है. अगर बात मालदीव की करें तो देश की कुल जीडीपी 7.1 बिलियन डॉलर की देखने को मिल रही है. बारबडोज की कुल जीडीपी 6.8 बिलियन डॉलर है. मॉन्टेंगरो जैसे देश की बात करें तो मौजूदा समय में उसकी जीडीपी भी 8 बिलियन डॉलर ही है, जोकि बीएमसी के 8.5 बिलियन डॉलर से कम है. इसी तरह से दुनिया में करीब 50 देश ऐसे हैं, जिनकी जीडीपी मौजूदा समय में मुंबई के बजट से कम है.

खैर मुंबई महानगर पालिका आयुक्त भूषण गगरानी ने मुंबई शहर के विकास के लिए कई उपाय सुझाए हैं। अभी के लिए, यह सुझाव देने के लिए उन पर निर्भर है। क्योंकि नगरपालिका मौजूद नहीं है। अगले महीने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में पार्षदों का कार्यकाल समाप्त होने के तीन साल पूरे हो जाएंगे। किसी को भी यह जानने की संभावना नहीं है कि यह अवधि कितने समय तक चलेगी, और कोई उम्मीद नहीं है कि इसे छोटा किया जाएगा। चुनाव भी जल्द होने की संभावना नहीं है। उप-स्थायी समिति, उनमें से प्रतिशत, वार्डों में छोटे से छोटे कामों में भी पार्षदों की चिड़चिड़ाहट फिलहाल बंद है। सिर्फ इसलिए कि पिछले तीन वर्षों से कोई नगरसेवक नहीं हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आम मुंबईकर गलत हो रहे हैं। इसका दूसरा निहितार्थ यह है कि नागरिक निकाय प्रशासक के हाथों में है, जिसका आम मुंबईकरों के जीवन की गुणवत्ता पर कुछ प्रभाव पड़ा है।, ऐसा नहीं है। फिर भी लोकतंत्र की व्यवस्था के अनुसार जनप्रतिनिधियों का शासन जल्द आना चाहिए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह नकली है; लेकिन यह एक सौंदर्य तानाशाही से बेहतर है। हालांकि, यह जरूरी है कि मुंबईकर- साथ ही राज्य की दो दर्जन से अधिक नगरपालिकाओं और 200 से अधिक नगरपालिकाओं में- एक बार फिर लोकतंत्र की बयार खेलना शुरू करें. ऊपर से उदासीनता और नीचे से लोकतंत्र के प्रति उदासीनता ठीक नहीं है। क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कागज पर चाहे कुछ भी हो, कोई न कोई आम जनता के प्रति जवाबदेह होता है। फिरोज शाह मेहता, बोमन बेहराम, ए. मूसा, बी. एन. करंजिया, एस. के. के. बृहन्मुंबई नगर निगम के महापौर के पद को लंबे समय तक खाली रखना मुंबईकरों के साथ अन्याय है, जिस पर पाटिल जैसे एक से अधिक नेता काबिज रहे हैं। वैसे भी। इस पृष्ठभूमि के खिलाफ, इस विशाल निगम के समान रूप से विशाल बजट के बारे में।

राज्य सरकार की तरह, बीएमसी लोकलुभावनवाद की गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। जब हमारे पास चुनाव होते हैं, तो ऐसा लगता है कि राजनेताओं द्वारा मतदाताओं को वोट के लिए विभिन्न प्रलोभन और रियायतें देने की एक आम परंपरा है। प्यारी बहन, प्यारे भाई, मुफ्त बिजली जैसी लोकप्रिय और वोट गारंटी योजनाओं ने महाराष्ट्र जैसे विकसित राज्य की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। यह आखिरी बार है जब उत्पाद शुल्क के उन्मूलन के बाद से मुंबई नगर निगम की आर्थिक स्थिति को समाप्त कर दिया गया है। यह थोड़ा लंगड़ा था। करों के बाद, संपत्ति कर नगरपालिका के लिए राजस्व का एक स्रोत है। लेकिन वोटों के लिए 500 वर्ग फुट तक आवासीय संपत्तियों के लिए टैक्स ब्रेक के साथ, अमीर नगरपालिका को भी संपत्ति कर राजस्व में कटौती करनी पड़ी है। तो इतनी बड़ी कंपनी कैसे ड्राइव कर सकती है? उसे इसे बाहर निकालने के लिए पैसे कहां से मिलेंगे? जिस तरह केंद्र सरकार को राज्य के बिक्री कर के बजाय वस्तु और सेवा कर की शुरूआत से होने वाले नुकसान की भरपाई करनी होती है, उसी तरह राज्य सरकार से जकात के उन्मूलन की भरपाई की उम्मीद की जाती है। तदनुसार, बजट में इस वर्ष 14,398 करोड़ रुपये का मुआवजा प्रदान करने की उम्मीद है। इसका सीधा सा मतलब है कि एशिया का सबसे अमीर मुंबई नगर निगम भी अंततः सरकारी सहायता पर निर्भर है। खुशी की बात यह है कि मुंबई में चल रहे भवनों के निर्माण से बीएमसी को आर्थिक लाभ हुआ है। चालू वित्त वर्ष में, विकास नियोजन विभाग को 5,800 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है, लेकिन वास्तव में निर्माण के लिए नागरिक निकाय को भुगतान की जाने वाली राशि के कारण वास्तव में 8,800 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। अनुमान है कि अगले साल टैक्स बढ़कर 10,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है , लेकिन कमिश्नर ने सुझाव दिया है कि फिक्स्ड डिपॉजिट का इस्तेमाल इस तरह से करना होगा। फिक्स्ड डिपॉजिट के इस तरह के इस्तेमाल को इस बात के संकेत के तौर पर देखा जाए कि देश के सबसे अमीर बीएमसी की भव्य और मजबूत वित्तीय नींव हिल रही है, तो यह गलत नहीं है।

इटउ के पास 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की सावधि जमा राशि है। आयुक्त ने नागरिक निकाय द्वारा शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं को निष्पादित करने के लिए सावधि जमा का उपयोग करने की आवश्यकता बताई। ऐसा समय खतरनाक है। यह घर चलाने के लिए अगली पीढ़ी के लिए पूर्वजों द्वारा रखे गए आभूषणों को तोड़ने जैसा है। दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुंबई यात्रा के दौरान नागरिक प्रशासन के लिए यह एक बड़ा झटका था। अब अगर प्रधानमंत्री उन्हें पैसा बैंक में रखने के बजाय खर्च करने की सलाह देने लगे, तो जो अधिकारी आगे-पीछे से बिना सोचे-समझे योजनाओं की घोषणा करते हैं। फिर भी, गगरानी ने अधिक जमा राशि को तोड़ने से परहेज किया। यह राहत की बात है कि ये जमा भविष्य में उपयोगी हो सकते हैं। यह कहना मुश्किल है कि यह कितना टिकाऊ होगा। इसलिए, बीएमसी को राजस्व सृजन बढ़ाने के लिए नए उपायों के साथ आना होगा। इसके हिस्से के रूप में, आयुक्त मुंबई में लगभग 50,000 झुग्गियों में दुकानों, गैरेज, छोटे और बड़े उद्योगों जैसे वाणिज्यिक उपयोगकताओं से कर एकत्र करने की योजना के साथ आए। यह सही है।

इसके अलावा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता शुल्क एकत्र करने का भी प्रस्ताव था। हालांकि, एक तरफ, आर्थिक मोर्चे पर सख्त कदम उठाने होंगे, दूसरी तरफ, बेस्ट प्रशासन को मुंबईकरों के परिवहन के लिए बेस्ट प्रशासन को 1,000 करोड़ रुपये प्रदान करने होंगे। कभी एसटी या बेस्ट की आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर सेवाएं अब निर्भर हो गई हैं। इस तस्वीर के बदलने की संभावना नहीं है।

यह ढांचे के भीतर काम करता है। मुंबई शहर के आकार और आकार को देखते हुए, जो भूगोल की सीमाओं के कारण कठिन है, नगर निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं वास्तव में सराहनीय हैं। बीएमसी द्वारा निर्मित पूरी तरह से नई तटीय सड़क को बीएमसी की एक बड़ी उपलब्धि माना जाएगा। गरीबों को मुफ्त इलाज प्रदान करने के लिए नगर निगम द्वारा संचालित अस्पताल भी गर्व का विषय हैं। अभिघातज। राजनीतिक दलों ने मुंबई को बाटिक माना। दिल्लीवासियों का प्रयास है कि कैसे मुंबई का स्वामित्व उन तक खींचा जाए और मुंबईकरों के उन प्रयासों को कैसे विफल किया जाए। इस भंडार में शहर उपेक्षित रहता है। वास्तविकता यह है कि यह शहर, जो न्यूयॉर्क, लंदन या इसी तरह के शहरों से मेल खाने की क्षमता रखता है, प्रशासनिक तपस्या और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण अपनी अपेक्षित ऊंचाइयों तक पहुंचने में असमर्थ है।

# अमेरिका अपने नियम कानून से चलेगा, भारत को भी घुसपैठियों से

संसद से सड़क तक विपक्ष ने अपना गोल पोस्ट फिर से बदल लिया है। कल तक महाकुंभ में भगदड़ हादसे पर जमीन-आसमान एक किये विपक्षी नेताओं की जमात अब अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को वहां से भारत भेजे जाने पर सियासत तलाशने लगा है। संसद के बजट सत्र में महाकुंभ हादसे को पीछे ढकेल कर विपक्ष अब लगातार अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों के निर्वासन को मुद्दा बनाने लगे हैं।संसद के बाहर हो-हल्ला तो बाहर धरना दिया जा रहा है। लोकसभा में विपक्षी सांसद हंगामा करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। विपक्ष के तमाम सांसद संसद भवन परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं। लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर हंगामा देखने को मिल रहा है। विपक्ष के सांसदों ने प्रश्नकाल के दौरान भारतीयों के डिपोर्ट का मुद्दा उठाया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई कहते हैं कि अमेरिका सरकार के इस रवैये से बेहद दुखी हूं। भारत और अमेरिका के बीच संबंध अच्छे हैं लेकिन उन्होंने जिस तरीके से 100 से ज्यादा भारतीयों को मिलिट्री प्लेन से भेजा है, वो पूरी तरह से अमानवीय है। विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री को इस पर अपनी बात रखनी चाहिए। विपक्ष ट्रम्प और मोदी के रिश्तों को लेकर भी तंज कस रहे है। लगता नहीं है कि यह सियासत जल्दी थम जायेगी। क्योंकि अभी अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे करीब 150 और भारतीयों को भी अमेरिका से निकाला जाना है। वैसे यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिका में वैध तरीके से रह रहे करीब सात लाख भारतीय बिना भेदभाव के वहां अपना जीवनयापन कर रहे हैं। एक तरफ सिसासतदारों का एक धड़ा अमेरिका के रवैये की आलोचना करके मोदी सरकार को घेर रहा है तो वहीं कुछ बुद्धिजीवी पूछ रहे हैं भारत सरकार,



-संजय सक्सेना

अमेरिका से सबक लेकर कब यहां यह रहे गैर भारतीयों को देश से निकालेगी। एक मोटे अनुमान के अनुसार भारत में करीब पांच करोड़ लोग अवैध रूप से रह रहे हैं,जिनके खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर तुष्टिकरण की सियासत के चलते कुछ राजनैतिक दलों के आकाओं द्वारा इन्हें उन्हें पाला पोसा जा रहा है। उनके आधार और पैन कार्ड बनवाये जा रहे हैं। वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराया जा रहा है। जबकि यह घुसपैठिये कई आपराधिक वारदातों में लिप्त मिल जाते हैं।

विपक्ष को इस लिये सियासत चमकाने का मौका मिल गया क्योंकि अमेरिका से डिपोर्ट किए गए सभी भारतीयों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर अमेरिकी एयरक्राफ्ट में भारत लाया गया था। हालांकि अमेरिका सरकार की ओर से इस तरह क्यों किया गया, यह बड़ा सवाल है। भारत सरकार की ओर से इस पूरे प्रकरण पर राज्यसभा में प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद ने संसद में कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। साल दर साल यह होता रहा है। इस तरह (यानी हाथ में हथकड़ी और पैरों में बेड़िया) डिपोटेशन करने का तरीका नया नहीं है। अमेरिका ने अपने नियमों के अनुसार कार्रवाई की। खैर, सियासत के बीच एयरक्राफ्ट से उतरने के बाद सभी भारतीयों को कस्टम व इमीग्रेशन चेकिंग के लिए भेज दिया गया। उक्त विभागों की ओर से सभी के दस्तावेजों और बैकग्राउंड की चेकिंग की जा रही है, ताकि पता चल सके कि जो भी अवैध तरीके से रह रहे थे, उनके खिलाफ भारत के किसी भी राज्य या शहर में कोई आपराधिक केस दर्ज है या नहीं। अगर किसी के खिलाफ इस तरह का कोई रिकार्ड पाया जाता है तो उसे तुरंत हिरासत में ले लिया जाएगा और कानून के मुताबिक बनती कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच चल रही है।अमेरिका से भारत लाए गए 104 भारतीयों में गुजरात 33, हरियाणा के 34, पंजाब के 30, महाराष्ट्र के तीन, उत्तर-प्रदेश-चंडीगढ़ के 2-2 लोग शामिल हैं। इनमें आठ से दस साल के कुछ बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, अमेरिका सरकार की ओर से कुल 205 लोगों की लिस्ट जारी की गई थी। बाकी के लोग कब आएंगे, फिलहाल इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं है।बहराल, अमेरिका से भारत लौट रहे अवैध प्रवासियों की पहली फ्लाइट चर्चा में जरूर है,इस पर सियासत भी खूब हो रही है, लेकिन इस वापसी के पीछे भारत को एक और बड़ा फायदा होने वाला है। पंजाब पुलिस ने लगभग 100 कुख्यात अपराधियों की पूरी हिस्ट्री तैयार कर ली है, जिनमें से 20 के अमेरिका में छिपे होने की आशंका है। अब यह संभावना बढ़ गई है कि अमेरिका से अपराधियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया भी तेज हो सकती है।

बता दें अमेरिका में भारत के कई मोस्ट वांटेड अपराधी छिपे हुए हैं। इनमें सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी अनमोल बिश्नोई (गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई), पुलिस प्रतिष्ठानों पर ग्रेनेड हमलों में शामिल हैप्पी पासिया, ड्रग तस्कर सरवन भोला, और गोपी नवांशहरिया जैसे नाम शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू भी पंजाब में हिंसा फैलाने और अवैध प्रवास को बढ़ावा देने में शामिल हैं, ऐसे में उसके तैयार किए गए गुर्गे भी इस वापसी में शामिल हो सकते हैं। इस लिहाज से अमेरिका द्वारा अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की शुरूआत इस दिशा में भी मददगार साबित हो सकती है।अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को लेकर विमान सी-17 बुधवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। विमान ठीक 2 बजकर 15 मिनट पर अमृतसर एयरपोर्ट पर एविएशन क्लब की तरफ लैंड करवाया गया। इसमें 104 भारतीय सवार थे। सभी को हथकड़ी लगाकर अमेरिका सेना की देखरेख में भेजा गया है।इस विमान ने मंगलवार को अमेरिका के टेक्सास के सैन एंटोनियो से उड़ान भरी थी, जोकि करीब 35 घंटे की उड़ान भरकर अमृतसर पहुंचा। वहीं, विमान पहुंचने से ठीक पहले भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकार भी एयरपोर्ट पर पहुंच गए। इनमें मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर, गृह विभाग, भारतीय सेना सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं।

उधर, 05 फरवरी को अमेरिकी विमान के अमृतसर पहुंचने के बाद एविएशन क्लब में ही अमेरिका से आए अधिकारियों और भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मीटिंग की गई। हालांकि मीटिंग किन मुद्दों पर रही, इस पर अभी किसी भी अधिकारी की ओर से पुष्टि नहीं की गई, लेकिन सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने भारत के अधिकारियों के समक्ष अवैध तौर पर आने वाले लोगों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। साथ ही भविष्य में इस पर रोक लगाने के लिए कहा है। इसके अलावा जो एजेंट लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने का काम कर रहा है। उन पर भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# भारत में आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के हो रहे हैं प्रयास

अभी हाल ही में केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने लोक सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया है। इस बजट के माध्यम से ऐसे कई निर्णय लिए गए हैं जिससे देश की आर्थिक विकास दर पुनः एक बार 8 प्रतिशत से ऊपर निकल जाए।

विश्व के कुछ देशों में सत्ता परिवर्तन के बाद आर्थिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हुए दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से अमेरिका में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प विभिन्न देशों को लगातार धमकी दे रहे हैं कि वे इन देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर कर की दर में वृद्धि कर देंगे। दिनांक 4 फरवरी 2025 से कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले उत्पादों के आयात पर 20 प्रतिशत एवं चीन से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का आयात कर लगा दिया है। वैश्विक स्तर पर उक्त प्रकार की उथल पुथल के अतिरिक्त रूस यूक्रेन युद्ध जारी ही है एवं कुछ समय पूर्व तक हमास इजराईल युद्ध भी चलता ही रहा था। वैश्विक स्तर पर उक्त विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारत, अपनी आर्थिक विकास दर को कायम रखते हुए, विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हां, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम दो तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत एवं 5.3 प्रतिशत क्रमशः के आसपास रही है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो आगे आने वाले दो दशकों तक आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखना आवश्यक होगा। अतः केंद्र सरकार द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर को इस वित्तीय वर्ष की दो तिमाहियों में दर्ज की गई लगभग 5.3 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

अभी हाल ही में केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने लोक सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया है। इस बजट के माध्यम से ऐसे कई निर्णय लिए गए हैं जिससे देश की आर्थिक विकास दर पुनः एक बार 8 प्रतिशत से ऊपर निकल जाए। दरअसल, आज देश में उत्पादों की मांग को बढ़ाना अति आवश्यक है जो पिछले कुछ समय से लगातार कम होती दिखाई दे रही है। इसके लिए आम नागरिकों के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध रहे, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। जैसे, आयकर की सीमा को वर्तमान में लागू सीमा 7 लाख रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 12 लाख रुपए प्रतिवर्ष कर दिया गया है। साथ ही, आय पर लगने वाले कर की दर को भी बहुत कम कर दिया गया है। इस प्रकार लगभग 1 करोड़ मध्यमवर्गीय करदाताओं को लगभग 1.10 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष का अधिकतम लाभ होने जा रहा है। इस राशि से विभिन्न उत्पादों का उपभोग बढ़ेगा एवं देश की आर्थिक विकास दर में तेजी दिखाई देगी। हालांकि इससे केंद्र सरकार के बजट पर एक लाख करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। परंतु, फिर भी बजटीय घाटा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.8 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अतः देश की वित्तीय स्थिति को सही दिशा दिए जाने के सफल प्रयास हो रहे हैं।

विनिर्माण के क्षेत्र को गति देना भी आज की आवश्यकता है। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन भी चलाए जाने का प्रस्ताव है। आज देश में एक करोड़ से अधिक सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग हैं जो 7.5 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कर रहे हैं एवं भारत के कुल उत्पादन में 36 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं तथा देश से होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात में भी 45 प्रतिशत की भागीदारी इन उद्योगों की रहती हैं। कुल मिलाकर भारत आज अपनी इन कम्पनियों को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहता है। भारत में आज निर्यात प्रोत्साहन मिशन को चालू किया जा रहा है ताकि भारत की कम्पनियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। इसी प्रकार भारत को वैश्विक स्तर पर खिलौना उत्पादन के केंद्र के रूप में विकसित किये जाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। केवल एक दशक पूर्व भारत में खिलौनों का शुद्ध आयात होता था आज भारत खिलौनों का शुद्ध निर्यातक देश बन गया है। पिछले 10 वर्षों में भारत में खिलौनों के निर्यात में 200 प्रतिशत की वृद्धि एवं खिलौनों के आयात में 52 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। भारत ने 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि के खिलौनों का निर्यात किया है।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का योगदान लगभग 5 प्रतिशत है। विशेष रूप से वाराणसी, श्री अयोध्या धाम, उज्जैन एवं महाकुम्भ, प्रयागराज में पर्यटकों के लिए विकसित की गई आधारभूत सुविधाओं के बाद इन सभी शहरों की पहचान धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में पूरे विश्व में कायम हुई है। आज आध्यात्म की ओर पूरा विश्व ही आकर्षित हो रहा है अतः भारत में अन्य धार्मिक केंद्रों को भी इसी तर्ज पर विकसित किया जाना चाहिए जिससे विभिन्न देशों के नागरिक भी इन धार्मिक स्थलों पर आ सकें एवं जिससे देश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 2,541 करोड़ रुपए की राशि का आबंटन किया गया है जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 850 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई थी। भारतीय पर्यटन उद्योग का आकार 25,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है, जो कि बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर पूर्व के राज्यों से लेकर जम्मू एवं कश्मीर तक 50 नए पर्यटन केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। यह ऐसे पुराने पर्यटन केंद्र हैं जिनकी पहचान कहीं खो गई है। अब इन पर्यटन केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं को विकसित किये जाने की योजना बनाई जा रही है। इन केंद्रो पर पहुंच को आसान बनाने के उद्देश्य से यातायात के साधनों का विकास किया जाएगा, सर्वसुविधा सम्पन्न होटलों का निर्माण किया जाएगा, एवं इन स्थलों पर अन्य प्रकार की समस्त सुविधाएं पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, भारत में मेडिकल पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा सकता है क्योंकि विकसित देशों की तुलना में भारत में विभिन्न बीमारियों का उच्चस्तरीय इलाज बहुत ही सस्ते दामों पर उपलब्ध है। और फिर, भारतीय नागरिकों के डीएनए में ही सेवा भावना भरी हुई है, अतः इन देशों के नागरिकों को भारत में इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। वैश्विक स्तर पर मेडिकल पर्यटन का आकार 13,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। अतः भारत में मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए जा सकते हैं।

इसी प्रकार भारत में सुरक्षा के क्षेत्र में भी अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत अभी तक अपनी सुरक्षा सम्बंधी आवश्यकताओं के लिए सुरक्षा उपकरणों का बड़ी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान का स्पष्ट असर अब दिखाई देने लगा है और भारत आज मिसाईल सहित कई सुरक्षा उपकरणों का निर्यात करने लगा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार के बजट में सुरक्षा क्षेत्र के लिए 4.92 लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि का आबंटन किया गया है, साथ ही, पूंजीगत खर्चों में भी सुरक्षा क्षेत्र के लिए 2 लाख करोड़ रुपए के बजट का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार, देश में अधोसंरचना को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पूंजीगत खर्चों को भी 11.20 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर रखा गया है।

## भारतीय दूतावास के प्रयासों से लीबिया में फंसे 18 भारतीयों की घर वापसी

**नई दिल्ली/मुंबई।** लीबिया के बेनगाजी में फंसे 18 भारतीय नागरिकों को लीबिया स्थित भारतीय दूतावास के ठोस प्रयासों से सफलतापूर्वक वापस लाया गया है। सुरक्षा चिंताओं के कारण ये लोग कई सप्ताह से लीबिया में फंसे हुए थे। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा, ₹लीबिया में भारतीय दूतावास ने बेनगाजी, लीबिया से 18 भारतीय नागरिकों की वापसी में मदद की।₹ उन्होंने आगे कहा कि भारतीय दूतावास ने श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय लीबियाई अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया और उन्हें आवश्यक यात्रा दस्तावेज और प्राधिकरण प्राप्त करने में सहायता की। इन लोगों को बेहतर रोजगार मुहैया कराना का वादा किया गया था, मगर जल्द ही इन्होंने खुद को संकटपूर्ण परिस्थितियों में पाया। विदेश मंत्रालय ने आश्वासन दिया कि इन मामलों की बारीकी से निगरानी की जा रही है और दूतावास ने सुचारू प्रत्यावर्तन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए लगातार संपर्क बनाया हुआ है। उल्लेखनीय है कि इसी समूह के तीन व्यक्ति पहले ही अक्टूबर में भारत लौट आए थे। लीबियाई अधिकारियों के प्रति उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए, जायसवाल ने कहा, लीबियाई अधिकारियों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद। उन्होंने विदेशों में सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

## फेडएक्स ने साइबर सुरक्षा जागरूकता पहल शुरू की

**मुंबई।** भारत में कूरियर से जुड़ी धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ रही है। इसे देखते हुए विश्व की सबसे बड़ी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (फेडएक्स) ने स्थानीय पुलिस, साइबर सिक्योरिटी सेल्स और यूनाइटेड वे मुंबई के साथ मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। फेडएक्स के मध्य पूर्व, भारतीय उपमहाद्वीप और अफ्रीका क्षेत्र के विपणन, ग्राहक अनुभव और एयर नेटवर्क के उपाध्यक्ष नितिन नवनीत टाटीवाला ने कहा, ₹2024 में, भारत में साइबर धोखाधड़ी से 1.7 अरब रुपये से अधिक की हानि हुई। साइबर अपराध लगातार बढ़ रहा है, और इसके प्रति जागरूकता ही हमारी सबसे बड़ी रक्षा है। इस पहल के माध्यम से, हमारा उद्देश्य समुदायों को आवश्यक ज्ञान और साधन प्रदान करना है, ताकि वे स्वयं को सुरक्षित रख सकें और पूरे देश में एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके। इस सक्रिय पहल के तहत 10,000 से अधिक लोगों को शिक्षित और सशक्त बनाया जाएगा, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और किशोरों को, ताकि वे सुरक्षित ऑनलाइन प्रैक्टिसेस को अपनाकर फि शिंग, पहचान की चोरी, डिजिटल पेमेंट धोखाधड़ी और सोशल मीडिया ठगी जैसी साइबर खतरों को पहचान सकें और उनसे बचाव कर सकें। इस व्यापक कार्यक्रम के तहत स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे वे साइबर अपराध से बेहतर ढंग से निपटने और एक अधिक सुरक्षित डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में योगदान दे सकें। यूनाइटेड वे मुंबई के सीईओ जॉर्ज ऐकारा ने कहा, यूनाइटेड वे मुंबई में हमारा मानना है कि सार्थक सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए आपसी सहयोग आवश्यक है। फेडएक्स, स्थानीय पुलिस, साइबर सुरक्षा प्रकोष्ठ, गैर-सरकारी संगठनों, कॉलेजों और समुदायों के साथ यह साझेदारी हमारे साझा प्रयास को दशार्ती है, जिससे हम लोगों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रूप से आगे बढ़ने के लिए आवश्यक साधन और ज्ञान प्रदान कर सकें। हमारा लक्ष्य एक मजबूत और सशक्त समुदाय का निर्माण करना है, जिससे सभी के लिए एक सुरक्षित डिजिटल इकोसिस्टम विकसित हो सके। फेडएक्स न केवल व्यावसायिक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि एक समावेशी डिजिटल भविष्य को बढ़ावा देने का भी प्रयास कर रहा है, जिससे भारत के व्यक्तियों, व्यवसायों और समुदायों को लाभ मिल सके। धोखाधड़ी से आप कैसे लड़ सकते हैं, इस पर अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें।

## स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक ने मुंबई में अपना नया आउटलेट खोला

**मुंबई।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते जिलाटो और लाइव पॉप्सिकल ब्रांड स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक ने नवी मुंबई के वाशी में अपना नया आउटलेट शुरू किया है। इसके साथ ही पूरे देश में स्कूजो के कुल 54 आउटलेट्स हो गए हैं। यह नया आउटलेट शॉप नंबर-10, मनेक कॉम्प्लेक्स, प्रेस्टिज स्पोर्ट्स के पास, सेक्टर 29, वाशी, नवी मुंबई - 400703 में स्थित है। स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक हेल्दी और टेस्टी लाइव पॉप्सिकल्स के कॉन्सेप्ट के साथ फ्रोजन डेजर्ट की दुनिया में एक नई क्रांति ला रहा है। यहां आपको टेस्ट और हेल्दी पॉप्सिकल्स की बेहतरीन वैरायटी मिलेगी, जो हर डेजर्ट लवर के दिल को लुभाने के लिए तैयार है। स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक में मीठा पसंद करने वाले लोग अपनी पसंद के फ्रेश फलों को चुनकर अपनी खुद की परफेक्ट पॉप्सिकल बना सकते हैं। खास बात यह है कि वे अपनी पॉप्सिकल को कुछ ही मिनटों में अपनी आंखों के सामने तैयार होते हुए देख सकते हैं। लेकिन यहां सिर्फ पॉप्सिकल तक ही मिठास नहीं रुकती, स्कूजो के मेन्यू में टेस्टी जेलाटो, क्रिस्पी वाफल्स, सॉफ्ट पैनकेक्स, क्रीमी मिल्कशेक्स, रिच डेजर्ट केक और लाजवाब संडेज जैसी ढेरों डेजर्ट शामिल हैं। जो लोग बिना किसी गिल्ट के मीठे का आनंद लेना चाहते हैं, उनके लिए स्कूजो एक परफेक्ट जगह है। यहां बनाए जाने वाले सभी डेजर्ट्स 100% रियल फ्रूट और प्रीमियम इनग्रेडिएंट से तैयार किए जाते हैं, जिनमें कोई केमिकल या प्रिजर्वेटिव नहीं होते। यानी, अब आप बिना किसी चिंता के अपने फेवरेट डेजर्ट का मजा ले सकते हैं।

स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद फरहान ने कहा, 'हमें बेहद खुशी है कि हम स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक को वाशी, नवी मुंबई में लॉन्च कर रहे हैं। हम भारत में फ्रोजन डेजर्ट के एक्सपीरियंस को नए अंदाज में पेश करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। यह स्टोर हमारे इनोवेशन, क्वालिटी और डेजर्ट प्रेमियों के खास पलों को यादगार बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमें उम्मीद है कि हम अपने कस्टमर्स को अपने खास और टेस्टी डेजर्ट से खुश कर पाएंगे, जो 100% रियल फ्रूट्स और प्रीमियम इनग्रेडिएंट से बनाए जाते हैं।'

जैसे-जैसे स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक की पहुंच बढ़ रही है, ब्रांड सस्टेनेबिलिटी को ध्यान में रखते हुए क्वालिटी और हेल्दी डेजर्ट बनाने पर जोर दे रहा है। एक इको-फ्रेंडली ब्रांड के रूप में स्कूजो ने एडिबल, फ्लेवर्ड राइस स्ट्रॉ जैसे नए प्रोडक्ट्स पेश किए हैं, जो इनोवेशन के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा को भी बढ़ावा देते हैं। ब्रांड का फोकस पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने पर है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि डेजर्ट न सिर्फ स्वादिष्ट हों, बल्कि प्रकृति के लिए भी फायदेमंद साबित हों। स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक के फ्रेंचाइज यूनिट पार्टनर्स राजश्री उपासनी और श्रीकांत उपासनी ने कहा, 'नवी मुंबई में स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक आउटलेट खोलना हमारे लिए एक सपना सच होने जैसा है। हम न केवल बेहतरीन हेल्दी डेजर्ट लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# उद्योगों को परेशान करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे पुलिस : फडणवीस




**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह उद्योगों को परेशान और धमकाने वाले लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) लगाने जैसी सख्त कार्रवाई करे, चाहे वे किसी भी पार्टी से जुड़े हों।

उन्होंने कहा कि वैश्विक कंपनियों के साथ राज्य के जुड़ाव और राज्य में निवेश के प्रवाह को देखते हुए उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल बनाना आवश्यक है। पुणे के पास नये पिंपरी चिंचवड़ पुलिस आयुक्तालय के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए फडणवीस ने यह भी कहा कि राज्य भर में सभी राजनीतिक दलों द्वारा अवैध रूप से होर्डिंग लगाए जा रहे हैं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे होर्डिंग पर कार्रवाई करनी चाहिए, भले ही उन पर मेरी खुद की तस्वीरें हों।

गृह विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे फडणवीस ने कहा कि पुणे के आसपास के उद्योग उत्पीड़न की शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें समय-समय पर उद्योगों से उत्पीड़न, धमकाने और जबरन वसूली के बारे में शिकायतें मिलती हैं। इस तरह की हरकतें किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। चाहे ऐसे लोग हमारी पार्टी (भाजपा) के हों, अजित दादा (अजीत पवार) की पार्टी के हों या (एकनाथ) शिंदे साहब की पार्टी के...इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर कोई उद्योगों को परेशान कर रहा है, तो मकोका के तहत सख्त कार्रवाई करें।

## सेल्फी लेने में व्यस्त युवक ट्रेन की चपेट में आया, मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे की पटरियों पर सेल्फी लेने में मशगूल 24 वर्षीय युवक की एक ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पंधारी कांडे ने बृहस्पतिवार को बताया कि यह घटना मंगलवार शाम को अंबरनाथ और बदलापुर रेलवे स्टेशन के बीच एक फ्लाईओवर के नीचे हुई।

कांडे के मुताबिक, मृतक की पहचान साहिर अली के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला था और छुट्टियां मनाने के लिए ठाणे के अंबरनाथ इलाके में अपने रिश्तेदार के घर आया था।

कांडे ने बताया कि साहिर मंगलवार को अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ सेल्फी लेने और तस्वीरें खिंचवाने के लिए एक फ्लाईओवर के नीचे रेलवे की पटरियों पर गया।

उन्होंने बताया कि सेल्फी लेने में मशगूल होने के कारण वह पीछे से आ रही तेज रफ्तार कोयना एक्सप्रेस पर ध्यान नहीं दे पाया और उसकी चपेट में आ गया। कांडे के अनुसार, हादसे में साहिर की मौके पर ही मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पर कल्याण जीआरपी कर्मी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। कांडे के मुताबिक, पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है और घटना की जांच की जा रही है।

## अंधेरी पूर्व में सामूहिक विवाह समारोह संपन्न



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** अंधेरी पूर्व में अखिल भारतीय कच्छ वागड़ लेवा पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह समारोह गत दिनों संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे थे। जबकि अतिथि के रूप में अंधेरी पूर्व विधानसभा के विधायक मुरजी पटेल थे। इस अवसर पर ३४ नवविवाहित दूल्हे - दुल्हन इस पवित्र वेदी के सामने सात फेरे लेकर जीवन के एक नए चरण में प्रवेश किए। नवविवाहित जोड़ों को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आशीर्वाद दिया। विधायक मुरजी पटेल ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह रिश्ता सिर्फ दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का, दो आत्माओं का मिलन है। उनकी दुनिया में प्रेम, सुख और समृद्धि सदैव बनी रहे, यही ईश्वर से प्रार्थना है! पटेल ने नवदम्पत्तियों को सुखी, समृद्ध एवं समृद्ध दाम्पत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

## वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है: लल्लन तिवारी




**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है तथा उन्हें अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का मौका मिलता है। मीरा रोड स्थित श्री एल आर तिवारी डिग्री कॉलेज के प्रांगण में आयोजित फादर जोसेफ इंग्लिश हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राहुल एजुकेशन के चेयरमैन लल्लन तिवारी ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों को एक साथ काम करने, नेतृत्व करने, और विभिन्न संस्कृतियों को समझने का मौका मिलता है। छात्रों को प्रशंसा मिलती है और उनमें उत्साह भरता है। छात्रों को अपने भविष्य के प्रयासों के लिए प्रेरणा मिलती है। लल्लन तिवारी ने कहा कि इसमें विद्यार्थियों को सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक, बौद्धिक, और आध्यात्मिक कौशल विकसित करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि आज राहुल एजुकेशन सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला शिक्षण संस्थान बन चुका है। देश भर में फैले 60 से अधिक स्कूल और कॉलेजों में लॉ , इंजीनियरिंग आर्किटेक्चर, विमान पायलट प्रशिक्षण , ड्रोन प्रशिक्षण जैसी उत्कृष्ट शिक्षा दी जा रही है।

इसका सारा श्रेय प्रशासन से जुड़े सभी अधिकारियों, सभी प्रिंसिपल, सभी शिक्षक और समस्त कर्मचारियों को जाता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राहुल एजुकेशन की सह सचिव श्रीमती कृष्णा राहुल तिवारी तथा सीओओ उत्सव राहुल तिवारी उपस्थित रहे। सम्मानित अतिथियों के रूप में स्कूल प्रबंधक वीरेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, एड. राजकुमार मिश्रा तथा डॉ. मयूर दुबे उपस्थित रहे।

फादर जोसेफ इंग्लिश स्कूल के सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूरा होने पर चेयरमैन लल्लन तिवारी ने स्कूल की प्रिंसिपल भारती रामदास सलियन का सम्मान किया। बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विजेता और मेधावी बच्चों को सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गणेश पाटिल, श्रीदेवी मैडम, संतोष शर्मा, विकास तिवारी, ग्रेटा मैडम, नरेंद्र दुबे समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## आदिवासी पारधी समाज के बच्चों को भोजनदान कराकर मनाया जन्मदिन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** वर्तमान समय में जन्मदिन समारोह हाईटेक होता जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग होटलों क्लब में पार्टियों का आयोजन कर लाखों रुपए फिजूल खर्च कर रहे हैं। लेकिन वहीं समाज में कुछ ऐसे भी लोग हैं जो गरीब और आदिवासी समाज के बच्चों को भोजनदान कराकर अपना जन्मदिन अनोखे अंदाज में मनाते हैं। उन्हीं लोगों में से एक नाम है आदिवासी पारधी महासंघ मुंबई व नवी मुंबई के प्रदेशाध्यक्ष संतोष एकनाथ पवार का जिन्होंने बुधवार की शाम को घणसोली के आदिवासी पारधी पारदेवाडी में आदिवासी पारधी समाज के बच्चों को भोजनदान और केक बांटकर अपना जन्मदिन मनाया।

बता दें कि बुधवार को आदिवासी पारधी महासंघ मुंबई व नवी मुंबई के अध्यक्ष संतोष एकनाथ पवार का जन्मदिन था। पवार ने अपना जन्मदिन किसी भी होटल में न मनाते हुए आदिवासी पारधी समाज के बच्चों के बीच जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सैकड़ों आदिवासी बच्चों को भोजनदान कराकर उन्हें केक भी बांटा। संतोष पवार द्वारा अनोखे तरीके से मनाए गए जन्मदिन पर बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने बधाई दी है।

## पालकमंत्री गणेश नाईक ने उपकेंद्र व आदर्श विद्यालयों का किया उद्घाटन

### घरकुल लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर जिले के पालक मंत्री व महाराष्ट्र राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक के शुभ हाथों बुधवार 5 फरवरी 2025 को आभासी तरीके से जिले के उपकेंद्रों और आदर्श स्कूलों का उद्घाटन किया गया। जिला नियोजन समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी कार्यालय से इसका उद्घाटन किया गया। इस दौरान सातपाटी में चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी, निवास स्थान भवन,

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मलवाडा में चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी निवास स्थान भवन,

विक्रमगढ़ तहसील के इंदगांव में उपकेंद्र भवन, जव्हार तहसील के विजयनगर में उपकेंद्र भवन,

वाडा तहसील के खैरे-अम्बिवली में उपकेंद्र इमारत का उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यक्रम जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम, भिवंडी सांसद सुरेश म्हात्रे, विधायक निरंजान डावखरे, दौलत दरोडा, स्नेहा दुबे पंडित, राजन नाईक, राजेंद्र गावित, विनोद निकोले, हरीशचंद्र भोये, विलास तरे, जिलाधिकारी गोविंद बोडके, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे, पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील, आयुक्त वासई विरार महानगर पालिका अनिल कुमार पवार के अलावा अन्य सभी अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पालकमंत्री गणेश नाईक ने आभासी पद्धति से आदर्श स्कूलों का उद्घाटन भी किया। जिसमें जिला परिषद विद्यालय वरसाले, जिला परिषद विद्यालय कालीभोंड, जिला परिषद विद्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मोखाड़ा और तलासरी, जिला परिषद विद्यालय कणेर आदि विद्यालयों का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री के अवास योजना चरण 2 के तहत जिन लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुमोदित किया गया है। उनमें से कुछ लाभार्थियों को मंत्री गणेश नाईक के हाथों प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे, परियोजना संचालक जिला ग्रामीण विकास प्रणाली डॉ. रूपाली सातपुते समेत सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को घर-घर तक पहुंचाएं : केतन शाह



**मुम्बई (उत्तरशक्ति)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस के अवसर पर मुंबई कांग्रेस गुजराती सेल की ओर से घाटकोपर में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बापू को याद किया। इस अवसर पर

बापू की विचारधारा पर चलने की शपथ ली गई तथा ₹शक्ति का महात्मा गांधी यह नारा दिया गया है₹। अतिथियों को चरखा सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मुंबई विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. हुबनाथ पांडेय ने लोगों को बापू के विचारों से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में मुंबई कांग्रेस गुजराती सेल के अध्यक्ष केतन शाह ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलती है और मुंबई कांग्रेस गुजराती सेल बापू के ₹अहिंसा परमो धर्म₹ के विचार को घर-घर तक पहुंचाने का काम कर रही है। यह कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को गांधीजी पर लिखी एक पुस्तक भेंट की, जो चार भाषाओं में उपलब्ध है। संगठन सचिव प्रणील नायर ने कहा कि आज समाज में जिस तरह का जहर फैलाया जा रहा है, उसे देखते हुए गांधी जी की विचारधारा और उनकी विरासत को समाज तक पहुंचाना बहुत जरूरी हो गया है। मुंबई कांग्रेस के संगठन सचिव प्रणिल नायर ने आश्वासन दिया कि जिस तरह से इतिहास बदला जा रहा है, उससे कांग्रेस पार्टी फिर से मैदान में कूद पड़ी है और हम इसमें जरूर सफल होंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक वीरेंद्र बख्शी, पूर्व नगरसेवक उपेंद्र दोशी, पूर्व नगरसेविका नैना शेठ और घाटकोपर रोटरी क्लब की अध्यक्ष श्रुति धर्मशी उपस्थित थीं। इसके अलावा मुंबई कांग्रेस गुजराती सेल के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com







स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# महाकुंभ से लौट रही कार खड़ी बस में घुसी, दो की मौत, तीन लोग घायल

**डॉ.एस.के. मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी जिले के राजातालाब स्थानीय थाना क्षेत्र के बीरभानपुर स्थित हनुमान मंदिर के सामने हाईवे पर गुरुवार की सुबह भीषण हादसा हुआ। प्रयागराज महाकुंभ से काशी विश्वनाथ मंदिर जा रही कार हाईवे पर खड़ी बस के पीछे घुस गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। कार सवार बेगूसराय बिहार के बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा, बरखुट गांव निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह (90) और सहरसा बिहार के शोहा सोनबरसा गांव निवासी अमरेंद्र सिंह (62) सहित दो लोगों की मौत हो गई। मृतक दोनों आपस में ससुर व दामाद थे। वहीं प्रवीण कुमार सिंह (60) व उनकी पत्नी सुषमा सिंह (54) तथा बहन विभा (56) सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे राजातालाब थाना प्रभारी अमित वर्मा तथा एसीपी सदर संजीव शर्मा व हाईवे पेट्रोलिंग के लोगों ने स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल देवेंद्र प्रताप तथा अमरेंद्र सिंह को एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर भेजा। जहां दोनों घायलों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल प्रवीण कुमार सिंह तथा सुषमा देवी व विभा को रोहनिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि अपने पिता देवेंद्र प्रताप सिंह तथा पत्नी सुषमा देवी तथा बहन विभा व जीजा अमरेंद्र के साथ कार से प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने गए थे। वहां से स्नान करने के बाद वाराणसी काशी विश्वनाथ दर्शन करने के लिए जा रहे थे। जिसमें अमरेंद्र सिंह भाजपा के ब्लॉक अध्यक्ष थे।



# प्रतिबंधित धागा से पतंग उड़ानें वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पतंग उड़ानें वालों के विरुद्ध हत्या करने के प्रयत्न का मुकदमा दर्ज। दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता आशीष शुक्ल व शिवराज यादव मोटर साइकिल से यात्रा के दौरान 13 जनवरी को शास्त्री पुल शेषपुर पर पतंग उड़ानें वाले प्रतिबंधित धागा में फंसकर जख्मी हो गये थे। उन्हें मांझे में फसता देख पुल के पश्चिम दिशा में स्थित मैदान और छत पर खड़े होकर पतंग उड़ा रहे कुछ लोग उत्सव मनाने लगे तथा दोनों लोगों कि तरफ इशारा कर तालिया बजाने लगे, मांझे से किसी तरह अपनी जान बचाकर तथा प्रारंभिक इलाज के बाद उक्त दोनो लोगों ने मामले की सूचना लाइन बाजार थाने पर व उच्चाधिकारियों को दिया लेकिन कोई कार्रवाही नहीं होने पर कोर्ट के माध्यम से छः अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का वाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में अधिवक्ता विकास तिवारी के माध्यम से प्रस्तुत किया न्यायालय ने श्री तिवारी के तर्को को सुनने के बाद थाना लाइन बाजार से आख्या तलब करते हुए मामले का दर्ज रजिस्टर कर लिया। अधिवक्ता विकास तिवारी का कहना है कि प्रतिबंध के बाद भी चीनी मांझा और प्रतिबंधित नायलॉन धागा व प्रतिबंधित सिंथेटिक से लेपिट धागा तथा गैर बायोडिग्रेडेबल मांझे बेचे जा रहे हैं। हमारे जनपद प्रशासन की माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के निर्णय को अक्षरशः लागू करने में पूर्ण विफलता रही है। चीनी मांझा/नायलॉन मांझा के कारण मनुष्यों के अलावा पक्षी, बंदर भी बार-बार घायल हो रहे हैं। माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली ने अप्लिकेशन संख्या 384 वर्ष 2016

## पतंग की डोर के रूप में सिर्फ काटन का धागा ही उपयोग में लाया जा सकता है: विकास तिवारी

(खालिद अशरफ एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में दिनांक 11 जुलाई, 2017 के निर्णय द्वारा नायलॉन या किसी भी सिंथेटिक सामग्री से बने माझे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने के लिए छह बिंदु निर्देश जारी किए हैं। 1. पतंग उड़ाने के लिए नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने और/या सिंथेटिक पदार्थ से लेपित तथा गैर-बायोडिग्रेडेबल मांझे या धागे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। 2.राज्य सरकारों को पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सिंथेटिक मांझे/नायलॉन धागे और अन्य सभी समान सिंथेटिक धागों के निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद और उपयोग पर रोक लगाने का निर्देश दिया जाता है। 3.राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मुख्य सचिवों/प्रशासकों को अपने राज्य/क्षेत्रों में पतंग उड़ाने के लिए सिंथेटिक मांझे/नायलॉन धागे के निर्माण और उपयोग पर प्रतिबंध लागू करने का निर्देश दिया जाता है। 4.प्रतिवादियों को देश के किसी भी हिस्से में सिंथेटिक मांझे/नायलॉन धागे या सिंथेटिक पदार्थों से लेपित अन्य समान धागे के आयात पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया जाता है। 5.सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों/प्रशासकों को यह भी निर्देश दिया जाता है कि वे इस आदेश की एक प्रति सभी जिला कलेक्टरों/जिला मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधीक्षकों को भेजें ताकि इसका अक्षरशः अनुपालन हो और यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके क्षेत्र में कोई सिंथेटिक मांझा/नायलॉन धागा और सिंथेटिक सामग्री से लेपित मांझा न खरीदा जाए, न बेचा जाए, न संग्रहीत किया जाए और न ही पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाए। 6.राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों/मुख्य सचिवों/जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया जाता है कि इस निर्णय में दिए गए किसी भी निर्देश का उल्लंघन होने की स्थिति में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986; पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960; वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, भारतीय दंड संहिता या कानून के किसी अन्य प्रावधान के तहत दोषियों के खिलाफ उचित कदम उठाए जाएं। हम उक्त आदेश के अनुपालन में धारा 15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व धारा 223,109 भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत करने का निवेदन किये है। अधिवक्ता विकास तिवारी ने आगे कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आने वाले समय में हमारे जनपद में पतंग उड़ानें के लिए सिर्फ काटन के धागे का ही प्रयोग किया जायेगा तथा अन्य सभी धागों पर पूर्णतः रोक लगेगी।जो भी कोई पतंग उड़ानें के लिए प्रतिबंधित धागों का प्रयोग करेगा उसके विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।माननीय न्यायालय का स्पष्ट अभिमत है कि पतंग उड़ाने वाले प्रतिबन्धित धागा व मांझे पर प्रतिबन्ध भले ही पर्यावरण कानून के तहत लगा परन्तु इसके इस्तेमाल की वजह से अगर कोई ऐसा अपराध हुआ हो जो दूसरे कानून की अन्तर्गत दण्डनीय है तो अभियोजन को दूसरे कानून के तहत ही प्राथमिकता दी जायेगी। पर्यावरण संरक्षण कानून की धारा 24 में साफ तौर पर ऐसा प्रावधान है।

# बीएसए के नेतृत्व में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की हुई समीक्षा, अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध हुई कार्यवाही

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक बैठक में शासन की मंशानुरूप तथा जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग में चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई। एमडीएम, निपुण भारत, छात्र उपस्थिति/शिक्षक उपस्थिति एवं अन्य योजनाओं यथा विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की शत-प्रतिशत अपार आई.डी, डीबीटी आदि के प्रगति की भी समीक्षा करते हुये विद्यालयों में गतिशील विभिन्न योजनाओं के प्रगति को धरातलीय यथास्थिति हेतु जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स ने विकास खण्ड सिकरारा, रामपुर एवं बरसठी के परिषदीय विद्यालयों में 06 फरवरी 2025 को औचक निरीक्षण कर जाँच कर समीक्षा किया।सर्वप्रथम बीएसए द्वारा विकास खण्ड सिकरारा के प्राथमिक विद्यालय टिकरी का निरीक्षण पूर्वान्ह 09:05 पर किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय बन्द पाये जाने पर बीएसए द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों का आग्रिम आदेश तक वेतन/मानदेय अवरुद्ध कर दिया गया। प्राथमिक विद्यालय दुदौली का निरीक्षण पूर्वाह्न 09:10 बजे बीएसए द्वारा किया गया। विद्यालय मे कार्यरत शिक्षक अशोक कुमार यादव के विद्यालय मे अनधिकृत रूप से अनुपस्थित होने के कारण निरीक्षण तिथि का वेतन अवरुद्ध कर दिया गया। विद्यालय परिसर स्वच्छ न पाये जाने पर बीएसए द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड सिकरारा के ही प्राथमिक विद्यालय रामनगर एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामनगर का क्रमशः औचक निरीक्षण करते हुये विद्यालयों में प्राप्त कतिपय कमियों में सुधार किये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अतिरिक्त जनपदीय टास्क फोर्स मे नामित खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समंवयकों द्वारा विकास खण्ड रामपुर एवं बरसठी के लगभग 190 विद्यालयों का चिन्हांकन करते हुये की गयी जाँच में लगभग 25 सहायक शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक विद्यालयों मे अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये। विद्यालय मे अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये जाने के क्रम में सम्बंधित कार्मिकों का बीएसए द्वारा निरीक्षण तिथि का वेतन/मानदेय अवरुद्ध करते हुये कार्यवाही की गयी।

# पीयू कौशल विकास केंद्र ने किया उप्र कौशल विकास के साथ एमओयू

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर के कौशल विकास केंद्र में कुलपति प्रो वंदना सिंह जी के मार्गदर्शन में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं आस पास की महिलाओं,कम पढ़े लिखे एवं अशिक्षित वर्ग के लिए भी विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित कौशल विकास केन्द्र में रोजगार परक प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय में कोर्स चलाए जाने पर विशेष रुचि प्रदर्शित किया। इसके परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक मयंक गंगवार एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास की नोडल अधिकारी डॉ.जाह्नवी श्रीवास्तव ने मंगलवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया। उन्होंने कहा कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय अब राजकीय प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में रोजगार परक प्रशिक्षण महिलाओं, छात्र छात्राओं, आदि लोगों के लिए चलाएगा। इस अवसर पर प्रो.मानस पांडेय, कार्यवाहक वित्त अधिकारी प्रो.अजय प्रताप सिंह एवं मानव संसाधन विकास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रसिकेश एवं अन्य उपस्थित रहे।



# खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण आज से

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह-फरवरी, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 7 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025 के मध्य किया जायेगा।जनपद के समस्त उचित दर दुकानों पर वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत खाद्यान्न प्राप्त किये जाने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उक्त वितरण अवधि में अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 17 किग्रा0 गेहूँ एवं 18 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किग्रा0) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 2.30 किग्रा0 गेहूँ प्रति यूनिट एवं 2.70 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल प्रति यूनिट (कुल 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत गेहूँ, चावल के निःशुल्क वितरण की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2025 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि नई ई-वेईंग लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से लाभार्थियों/राशनकार्डधारकों में नियमानुसार खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

# पिता संग महाकुम्भ पहुंचीं साइना नेहवाल

- पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने कहा- यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक उत्सव
- बोलीं- पवित्र आयोजन का हिस्सा बनकर हो रहा विशेष अनुभव, यूपी सरकार को दी बधाई

**अमित तिवारी**

प्रयागराज(उत्तरशक्ति)। जनपद के महा कुम्भ २०२५ के पावन अवसर पर देश-विदेश से श्रद्धालु संगम में स्नान के लिए उमड़ रहे हैं। इसी क्रम में भारत की स्टार शटलर और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल भी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए बुधवार को महाकुम्भ पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है और वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें यहां आने का अवसर मिला। आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा अनुभव साइना ने कहा, इस पवित्र आयोजन का हिस्सा बनकर विशेष अनुभव हो रहा है। मैं उत्तर प्रदेश सरकार को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देती हूं। उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आएंगे और इसे विश्वभर में प्रसिद्ध बनाएंगे।₹ साइना ने आगे बताया कि वह आज शाम अपने पिता के साथ त्रिवेणी संगम जा रही हैं और भविष्य में अपनी मां के साथ भी यहां आने की इच्छा रखती हैं। साइना ने कहा, ₹यह एक बहुत बड़ा उत्सव है। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यहां आने का अवसर मिला।उन्होंने आगे कहा, मैं खुश हूं कि सभी लोग एकजुट हुए और दिखाया कि हम कितने मजबूत हैं। मुझे गर्व है कि यह उत्सव हमारे देश में हो रहा है।युवाओं को दिया संदेश साइना नेहवाल ने देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि आध्यात्मिक आयोजन हमें ऊर्जा और सकारात्मकता से भरते हैं। साइना नेहवाल ने देश के विकास के लिए प्रार्थना करते हुए कहा, मैं प्रार्थना करती हूं कि हमारा राष्ट्र और अधिक प्रगति करे और उन्नति के नए आयाम छूए।उल्लेखनीय है कि महा कुम्भ २०२५ में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु संगम में स्नान और आध्यात्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए



# धार्मिक कार्यक्रम से घर लौट रहे व्यक्ति की लाठी डंडे व शराब की बोतलों से पीटकर हत्या

**रियाजुल हक,** सरायख्वाजा,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र अंतर्गत संदहां निवासी भूपेंद्र सिंह 45 पुत्र जयशंकर सिंह की देर रात गांव के बाहर सुनसान स्थान पर कुछ लोगों ने लाठी डंडे और शराब की बोतलों से सिर पर वारकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, भूपेंद्र सिंह बुधवार की रात में गांव से एक धार्मिक कार्यक्रम से खाना खाने के बाद अपने घर जा रहे थे तभी रास्ते मे कुछ लोग घात लगाकर हमला बोल दिए,जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह मय पुलिस बल पहुंच कर छानबीन कर तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में ले लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## छात्रों के डेटा की स्क्रूटनी के उपरांत आवश्यक संशोधन के लिए 10 फरवरी तक खोला गया पोर्टल

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु छात्रों के डेटा की स्क्रूटनी के उपरांत 5 फरवरी 2025 से 10 फरवरी 2025 आवश्यक संशोधन हेतु पोर्टल खोला गया है। संशोधन योग्य विवरण-परिणाम संबंधित विवरण, एनरोलमेंट नंबर रोल नंबर, छात्रों की उपस्थिति, छात्रों के प्रवेश तिथि का विवरण शैक्षणिक संस्थान स्तर से संशोधित किया जाएगा। शुल्क संबंधित विवरण-छात्र स्तर एवं संस्थान स्तर दोनों से संशोधित किया जाएगा। अतिरिक्त-सस्पेक्ट डाटा की जानकारी छात्रों के लॉगिन, संबंधित शिक्षण संस्थान के लॉगिन एवं संबंधित जिले के लॉगिन पर प्रदर्शित की गई है। केवल उन्हीं छात्रों के डेटा का सुधार कॉलेज लॉगिन पर उपलब्ध होगा, जिनका डेटा सस्पेक्ट कैटेग्री में होगा। कॉलेज को सस्पेक्ट स्टूडेंट का डेटा अपडेट कर पुनः फारवर्ड करना अनिवार्य होगा, तभी संशोधन प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।अतः समय-सीमा के भीतर आवश्यक संशोधन सुनिश्चित करें ताकि छात्रों को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

## बसीरपुर गांव में पुलिस की कार्यवाही से मचा हड़कम्प, गांव के 132 लोग हुए अनुबंध पत्र पर पाबंद

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जफराबाद क्षेत्र के बसीरपुर गांव में पुलिस की कार्यवाही से हड़कम्प मच गया है।पुलिस ने गांव के 132 लोगों को पाबंद किया है। जफराबाद पुलिस ने एक एक घर जाकर नोटिस चस्पा किया है।ज्ञात हो प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के चयन को लेकर हुए सर्वे को लेकर गांव के प्रधान के परिजनों तथा बीडीसी के बीच गम्भीर विवाद हुआ था। जिसमें गोली चली थी। उसमें बीडीसी मनीष कुमार तथा सूरज को गोली लगी थी और राजन को चाकू लगा था। वही पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। जिसमें चार को गिरफ्तार कर लिया गया था।ऊक्त घटना के बाद दूसरे दिन कुछ लोगों ने देशी शराब की दुकान में आगजनी किया था। जिसमे शराब दुकान के अनुज्ञापी ने गांव के पचास से ज्यादा लोगों के विरुध्द मुकदमा दर्ज कराया था। गांव के दोनों पक्षों के हालात को देखते हुए थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव ने एक पक्ष की तरफ से 69 और दूसरे पक्ष से 63 कुल 132 लोगों को शांतिभंग की धारा में पाबंद किया है। पूरे दिन घर घर जाकर नोटिस चस्पा कराया गया। प्रभारी श्री यादव ने बताया कि इनमें अमर बहादुर, उनके परिवार के सदस्य और अन्य ग्रामीण शामिल हैं। सभी को एक एक लाख रुपये का व्यक्तिगत बंधपत्र पर पाबंद करते हुए हिदायत दी गयी है कि अब किसी प्रकार की कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दास्त नही किया जाएगा।

## उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षकों के पारिश्रमिक घोटाले में फाइनेंस ऑफिसर संजय राय मुख्यालय अटैच

### गैर शिक्षक 64 लोगों के खाते में भेजी गई थी 14 लाख की धनराशि

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सरायख्वाजा वित्तीय घोटाले में संलिप्त कर्मचारियों के खिलाफ FIR के सवाल पर सफाई देते नजर आए विश्वविद्यालय के रजिस्टार महेंद्र कुमार कुलपति बोली जांच में दोषी दो कर्मचारियों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दी गई थी। दर्ज हुआ कि नहीं उन्हें नहीं मालूम वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर निर्मला मौर्य के कार्यकाल के दौरान हुआ था 14 लाख से अधिक का पारिश्रमिक घोटाला जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का है पूरा मामला।

# अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कॉलेज सबरहद में 125 छात्र-छात्राओं को मिला स्मार्टफोन

**निशानाथ,** खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कॉलेज सबरहद में गुरुवार को छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। इस वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में कृष्ण कुमार सिंह व विधायक प्रतिनिधि सन्तोष पांडेय उपस्थित रहे। इस दौरान कुल 125 छात्रों को स्मार्टफोन दिया गया। उक्त महाविद्यालय के बीए, बीएससी व बीएड के कुल 125 छात्र-छात्रों को अतिथि के हाथों से स्मार्टफोन वितरित किया गया। उक्त अतिथियों ने स्मार्ट फोन वितरण के दौरान कहा कि स्वामी विवेकानंद योजना के तहत छात्रों को मिल रहे स्मार्ट फोन पढ़ाई के क्षेत्र में बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा बशर्ते छात्र उसका सदुपयोग करें। टेक्नोलॉजी के दौर में बिना मोबाइल या लैपटॉप के कोई भी काम आसानी से नहीं हो सकता है। हम उम्मीद करते है आप सब को मिला स्मार्ट फोन का उपयोग अपना जीवन बेहतर बनाने के लिए उपयोग करेंगे। इस अवसर पर प्रबन्धक कहकशां खान ने छात्र के जीवन में स्मार्टफोन के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एनपी उपाध्याय ने आंगतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। वर्तमान सरकर भविष्य को देखते हुए विद्यार्थियों का जीवन बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। आप सब को मेरी शुभकामनाएं है आप सब तकनीकी के माध्यम आआन जीवन को सफल बनायें। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान मोहम्मद साजिद, प्रधानाचार्य नौशाद अहमद, सलीम खान, नोडल अधिकारी तसलीमा बानो, आमिर सिद्दीकी, आशीष कुमार अस्थाना, लालचन्द्र यादव, इंदुलता, अनुपम समेत आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत मे प्राचार्य एन पी उपाध्याय ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी से आरोपियों को हुई सजा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के जिला जौनपुर में पाक्सो एक्ट के एक आरोपी को कुल 20 वर्ष के कारावास व 60500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है तथा दूसरे को अपहरण के आरोप में 5 वर्ष का कठोर कारावास व 10500 रुपये अर्थ दण्ड से दंडित किया गया। वहीं गैंगेस्टर एक्ट के एक अन्य आरोपी अभियुक्त को 2 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पुलिस के अनुसार जौनपुर पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के क्रम में बुधवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, पाक्सो एक्ट (अनन्य) द्वारा पाक्सो एक्ट के आरोपी अभियुक्तों को विभिन्न धाराओं में कुल 20 वर्ष के कारावास व 60500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जानकारी के अनुसार थाना शाहगंज पर पंजीकृत मु.अ.सं. 04/16 धारा- 323/363/366/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट के आरोपी अभियुक्त अभिषेक उर्फ गुड्डू पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम मलहज थाना शाहगंज को दुष्कर्म व अपहरण में 20 वर्ष का कठोर कारावास व 60500 रुपये का अर्थदंड एवं सर्वजीत पुत्र झपसी निवासी ग्राम मलहज थाना शाहगंज को अपहरण के आरोप में 5 वर्ष का कठोर कारावास व 10500 रुपये अर्थ दण्ड से दंडित किया गया। इसी क्रम में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जौनपुर द्वारा धारा- 3(1) गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी अभियुक्त को धारा उपरोक्त में 2 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु.अ.सं.- 846/1999 धारा- 3(1) गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी अभियुक्त सुरेश मल्लाह पुत्र मैकू निवाली भगतपुरवा थाना नवाबगंज जनपद कानपुर नगर को धारा उपरोक्त में दोषसिद्ध करते हुए 2 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# नगर पंचायत में हो रहा मनमानी तरीके से काम

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कचगांव नगर पंचायत कचगांव के सभासदों के द्वारा आज जिलाधिकारी को एप्लीकेशन दिया गया। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत ईओ व नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा मनमानी तरीके से काम किया जा रहा है। बता दे कि नगर पंचायत कचगांव वार्ड नंबर 12 के सभासद आकाश सिंह हनी ने बताया कि गांव की कुछ लोगों के द्वारा रास्ता बने नहीं दिया जा रहा है। सभासद का कहना है कि राजस्व अभिलेख में गाटा संख्या 82 में रास्ते के रूप में दर्ज है। लेकिन गांव के कुछ लोगों के द्वारा रास्ता नहीं बनने दिया जा रहा है। जब इसकी शिकायत ईओ की गई तो उन्होंने बताया कि ऊपर से दबाव बनाया जा रहा है जिसके वजह से रास्ता नहीं बन रहा है। वहीं कचगांव नगर पंचायत के अन्य सभासद के द्वारा आरोप लगाया गया कि नगर पंचायत अध्यक्ष मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ अपने रिश्तेदारों को ठेकेदारी कर रहे हैं। सभासदों का कहना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ के द्वारा कोई बैठक नहीं कराई जाती है। अगर हम लोग कोई जानकारी मांगते हैं तो अधिकारी के द्वारा कहा जाता है कि जाकर डीएम से जानकारी लो बिना किसी बोर्ड बैठक के ही मनमानी तरीके से काम कराया जा रहा है।



# प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग व बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 बॉक्सिंग संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 फरवरी, 2025 तक सहारनपुर में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर की सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 07 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद स्तर पर चयनित सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग खिलाड़ी ही 08 फरवरी, 2025 को आयोजित मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स, जो डॉ0 सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा, वाराणसी में प्रातः 10.00 बजे से किया जायेगा, में प्रतिभाग करेंगी। मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स उपरान्त मण्डल की टीम का गठन किया जायेगा, मण्डल स्तरीय टीम ही प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग के लिए खिलाड़ियों की जन्म तिथि 01 जनवरी, 2011 से 31 दिसम्बर, 2012 के मध्य होना चाहिए। खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 बास्केटबाल संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 से 16 फरवरी, 2025 तक आगरा में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर की सब जूनियर बालिका बास्केटबाल खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 08 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद स्तर पर चयनित सब-जूनियर बालिका बॉक्सिंग खिलाड़ी ही दिनांक 10 फरवरी, 2025 को आयोजित मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स, जो डॉ0 सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा, वाराणसी में प्रातः 10.00 बजे से किया जायेगा, में प्रतिभाग करेंगी। मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स उपरान्त मण्डल की टीम का गठन किया जायेगा, मण्डल स्तरीय टीम ही प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। सब जूनियर बालिका बास्केटबाल के लिए खिलाड़ियों की जन्म 01.01.2011 या उसके बाद का होना चाहिए। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तथा आयु प्रमाण-पत्र प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित तथा आधार कार्ड के साथ, हाई स्कूल अंक पत्र की छायाप्रति साथ लेकर जनपदीय चयन/परीक्षण में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# एग्रीविजन काशी प्रांत ने कराया पहला राज्य सम्मेलन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम एग्रीविजन ने काशी प्रांत के जौनपुर जिले के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एग्रीविजन का प्रथम दो दिवसीय राज्य सम्मेलन का शुभारंभ हुआ जिसका विषय विकसित भारत में कृषि का योगदान विजन-2047ह्ल जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से कृषि विद्यार्थी शामिल हुए उन कृषि विद्यार्थियों के लिए एग्रीविजन एवं जौनपुर कृषि विभाग के सहयोग से दो दिवसीय प्रदर्शनी तथा स्टॉल लगाई गई है। जिसका निरीक्षण पूर्वांचल विश्वविद्यालय कुलपति, जौनपुर जिलाधिकारी, राष्ट्रीय प्रमुख एग्रीविजन, राष्ट्रीय मंत्री अभावीप, प्रांत मंत्री काशी प्रांत, प्रांत संयोजक एग्री विजन, इकाई अध्यक्ष पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस दौरान पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री जी द्वारा विकसित भारत 2047 का जो लक्ष्य रखा गया है।उसमें कृषि का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि जौनपुर का कृषि विभाग पूर्वांचल क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य कर रहा है और जौनपुर के सर्वाधिक किसान कृषि विभाग से लाभान्वित हो रहे हैं। यह राज्य स्तरीय सम्मेलन में अनेक कई सत्र में कृषि के विषयों पर चर्चा होना है इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र से आए कृषि के प्रेरणा स्त्रोत जो की ऑर्गेनिक फार्मिंग पर आने वाले सत्रों में विषय रखेंगे जिससे कृषि के क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को बहुत लाभ होगा।



## बीएसवीएस सीजन 2 प्रीमियर लीग होगा क्रांतिकारी शहीद झुरी बिंद के नाम 8 फरवरी को

**मुंबई,(उत्तरशक्ति)।** बिंद समाज विकास संघ द्वारा आयोजित बी एस वी एस प्रीमियर लीग सीजन 2 का टूनार्मेंट बिंद समाज के क्रांतिकारी शहीद झुरी बिंद के नाम पर आयोजित, वर्ली स्पोर्ट्स ग्राउंड मुंबई में 8 फरवरी 2025दिन शनिवार को खेला जाएगा। जिसमें सूरत महानगर शहर की टीम सहित मुंबई के आसपास के जिलों की कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। बिंद समाज विकास संघ सभी स्वजातीय एवं गैर स्वजातीय बंधुओ से अपील करता है कि समय से पहुंचकर हेल्थ इज वेल्थ जैसे खेलकूद कार्यक्रम को सफल बनाए एवं आनंद उठाएं, सभी टीमें इस प्रकार हैं। वर्ली ब्लास्टर्स ,ठाणे लायंस, जोगेश्वरी राइडर, विक्रोली एक्सप्रेस, कुर्ला अवेंजर्स, परेल सुपर 11, विद्या विहार रॉयल्स, टिटवाला इंडियन, सूरत स्ट्राइकर, बदलापुर प्लैटिनम, जी एस के घाटकोपर सुपर किंग्स, वसई टाइगर इत्यादि।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

**मथुरा (उत्तरशक्ति)।** मथुरा के हाईवे थाना क्षेत्र स्थित चंदनवन पब्लिक स्कूल के सामने बुधवार दोपहर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने परिजन को सूचना देकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां बृहस्पतिवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि दुर्घटना में थाना रिफाइनरी के गांव भुडुसू निवासी कुशल उर्फ कौशल (25) घायल हुए थे। परिजन ने घायल को मंडी समिति स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, यहां उपचार के दौरान बृहस्पतिवार को उनकी मौत हो गई। महावीर ने पोस्टमार्टम गृह पर बताया कि उनका भतीजा कुशल रिफाइनरी के एलपीजी प्लांट में कार्य करता था। घर से सर्विस सेंटर पर खड़ी बाइक को लेने निकला था। ड्यूटी के लिए देर होने के कारण वह घर आने के बजाए सीधे रिफाइनरी जा रहा था, तभी रास्ते में कार ने टक्कर मार दी। बताया कि उनके भतीजे की चार साल पहले शादी हुई थी।

## 10 फरवरी से निःशुल्क बाल हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन

**पटना (उत्तरशक्ति)।** रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से पटना में 4 दिवसीय निःशुल्क बाल हृदय रोग जाँच शिविर का आयोजन करने जा रहा है। 10 से 14 फरवरी तक आयोजित यह शिविर जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटलए कंकड़बाग में होगा। रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 के डीजी बिपिन चाचाण ने बताया कि इस शिविर में निःशुल्क रजिस्ट्रेशन, कंसल्टेशन के साथ इको स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से हृदय रोग से प्रभावित बच्चों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। परीक्षण उपरांत चिन्हित बच्चों का इलाज मेदांता हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरतमंद लोग 6287901091 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। वहीं रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस शिविर में शामिल होकर इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की।

## फंदे से लटकी मिली विवाहिता

**अमेठी (उत्तरशक्ति)।** यूपी के अमेठी में मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद ससुरालीजन शव छोड़ कर फरार हो गए। जानकारी के बाद मायके वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच के साथ कार्रवाई में जुटी है। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी निवासी शिक्षक दिनेश प्रकाश श्रीवास्तव की बेटी अल्पना की शादी 2009 में रायबरेली जिले के नसीराबाद थानाक्षेत्र के सराय काधा गांव निवासी गौरव श्रीवास्तव संग हुई थी। दिनेश का आरोप है कि पति व ससुरालीजन बेटी को प्रताड़ित करते हुए हत्या करने की लगातार धमकी दे रहे थे। 11 नवंबर को नसीराबाद थाने में शिकायत करने के बाद सुलह-समझौता भी हुआ था, लेकिन इसके बाद भी प्रताड़ना कम नहीं हुई। बुधवार शाम फोन कर अल्पना की तबीयत खराब होने की जानकारी देते हुए मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल बुलाया। दिनेश का आरोप है कि जब वह परिजनों संग अस्पताल पहुंचे तो बेटी की मौत हो चुकी थी। पति संग अन्य ससुरालीजन मौके से भाग चुके थे। डॉक्टरों ने बताया कि अल्पना की मौत पहले हो चुकी थी। मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया है। अल्पना का शव घर लाने के बाद दिनेश ने ससुरालीजनों से संपर्क किया तो उनसे अभद्रता करने लगे। दिनेश ने मामले की सूचना पुलिस को दी। एसएचओ बृजेश सिंह ने बताया कि दिनेश की सूचना पर पंचायतनामा के आधार पोस्टमार्टम करवाया गया है। प्रकरण नसीराबाद थाने से संबंधित है।

पोस्टमार्टम हाउस से ससुरालीजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए नसीराबाद ले गए हैं। विवाहिता को सीढ़ी से गिर कर घायल होने की बात कह कर ससुराली पक्ष निजी अस्पताल ले गए, वहां के डॉक्टर ने सब कुछ नार्मल होने की बात कह कर डिस्चार्ज दिया। ससुराल से घर जाने के बजाय विवाहिता को लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया और मृत्यु प्रमाण पत्र भी बना दिया। अब एक घंटे में विवाहिता के साथ क्या हुआ यह जांच का विषय है। फिलहाल परिजनों ने थाने में तहरीर देकर बहन के ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। भाई अनूप का आरोप है कि बहन की साजिश के दौरान हत्या की गई है। बताया कि निजी अस्पताल अस्पताल में सब कुछ ठीक होने के बावजूद परिजन उसे लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



श्री रामानुग्रह आश्रम कानपुर के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विनय स्वरूपानंद सरस्वती जी इन दिनों मुंबई प्रवास पर है। श्री स्वामी जी फॉरेन हाइट टॉवर 8वाँ मजला कमरा नंबर 801सांताक्रुज पूर्व में ठहरे हुए हैं।
परम पूज्य श्री गुरुदेव भगवान का दर्शन कर आशीर्वाद लेते हुए उनके शिष्य बालगोविंद तिवारी, पुष्पा तिवारी।

## आभूषण कारीगरों के लिए कल्याण की क्राफ्टिंग फ्यूचर्स पहल

**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** कल्याण ज्वैलर्स ने क्राफ्टिंग फ्यूचर्स नामक एक परिवर्तनकारी सीएसआर पहल की घोषणा की है, जो ब्रांड फिलॉस्फी विथ लव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पहल आभूषण कारीगरों की आजीविका सुधारने, पारंपरिक कारीगरी को संरक्षित करने और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस पहल की मजबूत नींव रखने के लिए, कल्याण ज्वैलर्स ने इसके कार्यान्वयन के लिए 3 करोड़ रुपये प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे शुरूआत से ही एक सार्थक और स्थायी प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।

एक बड़ा सामूहिक प्रभाव पैदा करने और सार्थक बदलाव लाने के लिए, कल्याण ज्वैलर्स अपने




भागीदारों और हितधारकों को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहा है। क्राफ्टिंग फ्यूचर्स एक सतत प्रयास और दीर्घकालिक कार्य योजना है, जिसे आने वाले वर्षों में और विकसित और विस्तारित किया जाएगा।

टीएस कल्याणरमन, मैनेजिंग डायरेक्टर, कल्याण ज्वैलर्स ने कहा,ह्यह्यआभूषण का मतलब केवल सोने और रत्नों से ही नहीं है। यह कारीगरों की आत्मा और कलात्मकता को दशार्ते हैं जो प्रत्येक टुकड़े को जीवंत बनाते हैं। उनका शिल्प कौशल एक जीवित परंपरा है जिसे पोषित किया जाना चाहिए और आगे बढ़ाया जाना चाहिए। क्राफ्टिंग फ्यूचर्स के साथ, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि पारंपरिक शिल्प कौशल आधुनिक प्रगति के साथ विकसित हो। इस तरह हम उन कारीगरों के हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर हैं, जिन्होंने पीढ़ियों से हमारे उद्योग की विरासत को बरकरार रखा है। हम अपने भागीदारों को इस मिशन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं, ताकि एक ऐसा भविष्य सुनिश्चित किया जाए, जहां हर कारीगर को महत्व दिया जाता है, सशक्त बनाया जाता है और समर्थन दिया जाता है।

'क्राफ्टिंग फ्यूचर्स' केवल एक सीएसआर प्रोजेक्ट नहीं है - यह स्थायी परिवर्तन लाने का एक आंदोलन है। यह पहल कार्यस्थलों में सुधार, प्रौद्योगिकी को पेश करके और अपस्किलिंग के अवसर प्रदान करके परंपरा को नवाचार के साथ जोड़ने पर केंद्रित है। यह दृष्टिकोण न केवल शिल्प कौशल की विरासत को संरक्षित करता है बल्कि कारीगरों को बदलते उद्योग में पनपने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करता है।

यह पहल कारीगरों के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने से जुड़े उपाय भी करेगी, कारीगरों और उनके परिजनों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी और कारीगरों और उनके परिवारों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देगी।

## सड़क किनारे खड़े तीन लड़कों को क्रेन ने मारी टक्कर, तीनों की मौत

**अमेठी (उत्तरशक्ति)।** यूपी के अमेठी में बृहस्पतिवार देर शाम सड़क किनारे बाइक खड़ी करके खड़े तीन लड़कों को क्रेन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों की मौत हो गई। घटना से घरों में कोहराम मच गया। हादसा शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सेमरौता-कठौरा मार्ग स्थित तोतानगर गांव के पास हुआ। शिवरतनगंज थानाक्षेत्र के रुकूनपुर गांव निवासी राम किशोर का पुत्र कमलेश (18), राजेंद्र का पुत्र सूरज (15) और रमेश का पुत्र सर्वेश (15) बाइक से बृहस्पतिवार को त्रिवेदी का पुरवा निमंत्रण में शामिल होने गए थे। वापस लौटते समय सेमरौता-कठौरा मार्ग स्थित तोतानगर गांव के पास बाइक खड़ी कर तीनों सड़क किनारे खड़े थे। इसी बीच गुजर रही क्रेन ने तीनों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक क्रेन मौके पर छोड़ कर भाग निकला। सड़क पर तीन युवकों को मृत देख लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल से करीब दो किमी दूर मृतकों के गांव सूचना पहुंची तो कोहराम मच गया। हर कोई घटना स्थल की तरफ भागा। तीन युवकों की मौत के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है तो परिजनों का रोकर बुरा हाल है। सीओ डॉ. अजय सिंह ने बताया कि क्रेन को कब्जे में लिया गया है।

## हाईवे पर पलटी तेज रफ्तार रोडवेज बस

**बदायूं (उत्तरशक्ति)।** बदायूं के बिनावर थाना क्षेत्र में बरेली-मथुरा हाईवे पर बुधवार को मलगांव फाटक के समीप रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक-परिचालक समेत 16 यात्री चोटिल हो गए। गनीमत रही कि हादसे के दौरान कोई दूसरा वाहन चपेट में नहीं आया। बस पटलने से करीब एक घंटे तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से हाईवे पर पलटी बस को हटवाया, तब जाकर यातायात सुचारू हो सका। मथुरा जिले के गांव इगलास निवासी दिनेश मथुरा डिपो की रोडवेज चलाते हैं। बुधवार को वह बस में बरेली बस स्टैंड से 16 यात्री लेकर कासगंज होते हुए मथुरा जा रहे थे। इसी बीच बिनावर थाना क्षेत्र के गांव मालगांव फाटक के समीप बस का संतुलन अचानक बिगड़ गया। उस दौरान बस की रफ्तार तेज थी। चालक दिनेश ने बस को कंट्रोल करने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका। स्पीड ब्रेक लगाने से बस अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में चालक एवं परिचालक समेत 16 यात्री मामूली रूप से चोटिल हुए। वहीं, बस के पीछे से आ रहे वाहनों के पहिये थम गए। जिससे हाईवे के वन-वे पर वाहनों की कतार लग गई। मौके पर जुटे राहगीरों ने बस के अंदर फंसे यात्रियों को निकाला। पुलिस को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही बिनावर थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी यात्रियों को हाईवे किनारे बैठाया। चालक ने बदायूं डिपो के अधिकारियों को हादसे की जानकारी दी। इधर, पुलिस ने दूसरी रोडवेज बस में यात्रियों को शिफ्ट कर गंतव्य के लिए रवाना किया।

## एमजी सेवा कर रही है सामाजिक बदलाव लाने के लिए काम

**पटना(उत्तरशक्ति)।** भारत के ऑटो उद्योग का एक प्रमुख नाम, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी प्रमुख पहल, 'एमजी सेवा' के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाने का काम कर रहा है। कंपनी की पहली कार के बाजार में आने से पहले पेश की गई एमजी सेवा सामाजिक कल्याण का एक प्रतीक है जो पारंपरिक सीमाओं से परे है। मूलरूप से, एमजी सेवा बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ शिक्षा और स्वच्छता तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने पर केंद्रित है। अकेले 2024 में, इस पहल ने 1.2 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिनमें 70,000 से ज्यादा महिलाएं हैं। एडवांस्ड लर्निंग के अवसरों तक पहुंच को सक्षम बनाकर, प्रारंभिक साक्षरता को बढ़ावा देकर और माताओं की शिक्षा का समर्थन कर-



के, एमजी सेवा आकांक्षाओं का पोषण करती है और युवा महिलाओं और उनके परिवारों की क्षमता को उजागर करती है। कार्यक्रम का समग्र विकास दृष्टिकोण शिक्षा से परे, व्यक्तिगत विकास, सामुदायिक स्वास्थ्य और समावेशिता के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान देता है। केंद्रित हस्तक्षेप अद्वितीय जरूरतों वाले बच्चों के लिए समावेशी अवसर पैदा करते हैं, उन्हें अपनी शैक्षिक यात्राओं और उससे आगे बढ़ने और सफल होने के लिए सशक्त बनाते हैं। वॉश (जल, स्वच्छता और साफ-सफाई) जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से, एमजी सेवा ने उस क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देकर 16,730 से ज्यादा महिलाओं और लड़कियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, यह ऐसा क्षेत्र है जहां अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। ओडिशा के ग्रामीण इलाकों में, एमजी सेवा के शैक्षिक कार्यक्रम 100 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में आदिवासी समुदायों के लिए उनकी मूल भाषाओं में नए तरीकों का उपयोग करके गणित को आसान बना रहे हैं। ये चल रही पहल 80,000 से ज्यादा बच्चों तक पहुंच गई है, जो उन्हें शैक्षिक बाधाओं को दूर करने में सशक्त बना रही है।

पहल पर टिप्पणी करते हुए, राजीव छाबा, सीईओ एमेरिट्स ने कहा, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया में समाज एक प्रमुख ब्रांड स्तंभ है, और लोगों के लिए हमारी देखभाल हमारे ग्राहकों और कर्मचारियों से परे है। सेवा, जो हमारी स्वैच्छिक सामाजिक सेवा पहल है, की संकल्पना हमारी पहली कार को लॉन्च करने से बहुत पहले की गई थी। महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के उद्देश्य से, सेवा के तहत, हमने पिछले साल देशभर में 70,000 से अधिक महिलाओं की मदद की है।

## MCA समर शील्ड टूनार्मेंट पर पथारे प्रभु क्रिकेटर्स टीम का कब्जा



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** गत दिवस 2 फरवरी 2025 दिन रविवार को साईं नाथ सीसी ग्राउंड विरार जीवदानी मंदिर के पास पैतालीस ओवर का मैच हो रहा है। जहां प्यारे प्रभु क्रिकेटर्स बनाम केनरा विजय क्रिकेटर्स में भिड़ंत हुई। जिसमें केनरा विजय क्रिकेटर्स ने पहले टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पथारे प्रभु क्रिकेटर्स अपनी बेहतरीन बल्लोबाजी करते हुए कुल एक सौ पचास रन बनाए, डेढ़ सौ रन का पीछा करने मैदान में उतरी केनरा विजय क्रिकेटर्स टीम 92 रन पर सिमट गई इस तरह से पथारे प्रभु क्रिकेटर्स टीम ने 57 रन से जीत हासिल की। पथारे प्रभु क्रिकेटर्स की बल्लेबाजी, मृणाल नकती 25 रन, ऋषिकेश जाधव 18 रन, देवांग गुप्ता 37 रन, गेंदबाजी, राज पूर्णांक 5 ओवर 3 विकेट 19 रन, शुभम परब 5 ओवर 17 रन 2 विकेट गोयल पवार आठ ओवर 26 रन 2 विकेट मृणाल नकती 2 ओवर चार रन 2 विकेट, ओंकार जेलकर तीन ओवर 23 रन एक विकेट, लेकर अपने अच्छे खिलाड़ी का परिचय दिया।

केनरा विजय क्रिकेटर्स की गेंदबाजी सौरभ तिवारी 8 ओवर 18 रन 2 विकेट, निश्चय अरोरा नौ ओवर 23 रन 3 विकेट, बल्लेबाजी पार्थ पटवा 11 रन ,अंकित विश्वकर्मा 11रन ,निश्चय अरोरा 19 रन सौरभ तिवारी 12 रन बनाए खर्च किए,

बताते हैं कि यह सभी कामयाबी जो खिलाड़ी का इतना बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। यह सब कुशल कोच सुजीत सिन्हा जो कुशल नेतृत्व के रूप में जाने जाते हैं उनके कर कमलों द्वारा बच्चों को अच्छी ट्रेनिंग देने का परिणाम है।

### दिन में वाहनों के प्रवेश पर लगी रोक

**अमेठी (उत्तरशक्ति)।** रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर बुधवार को एक बार फिर बड़े वाहनों सहित श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। हालांकि, छोटे वाहनों के प्रवेश मिलने से कुछ लोगों को राहत रही। अधिकारियों ने मिल्कीपुर उपचुनाव का हवाला देते हुए देर शाम तक बड़े वाहनों को रोके रखा। इसके बाद बैरियर हटा दिया गया। वसंत पंचमी पर देश के विभिन्न प्रदेशों से आए अधिकांश दर्शनार्थी श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में स्नान करने के बाद वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन व जलाभिषेक कर अयोध्या में रामलला के दर्शन की तैयारी की। ऐसे में श्रद्धालुओं का दबाव बुधवार को भी सड़क पर देखा गया। अयोध्या में भीड़ होने के बाद बुधवार को एक बार फिर जगदीशपुर कस्बे सहित भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के थौरी के आम घाट पुल से बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कल्याणपुर, पूर्वी चंपारण, बिहार में नया आउटलेट खोला




**कल्याणपुर, पूर्वी चंपारण।** बिहार में नया बैंकिंग आउटलेट खोला गया, जिससे बिहार राज्य में बैंक के कुल 255 आउटलेट्स और देश भर में 1049 आउटलेट्स हो गए। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने इस क्षेत्र में सीमित वित्तीय सेवाओं तक पहुंच रखने वाले निम्न-आय वाले व्यक्तियों को जॉइंट लाइबिलिटी ग्रुप मॉडल के माध्यम से माइक्रो-बैंकिंग ऋण सुविधाएं प्रदान करने की योजना बनाई है।

यह विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करता है जो निवासियों और उद्यमियों को वित्तीय बचत, व्यवसाय वृद्धि, और निवेश में सहायता प्रदान करते हैं।

पूर्वी चंपारण, बिहारः उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने गर्व के साथ अपने नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन कल्याणपुर, पूर्वी चंपारण, बिहार में किया। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने बिहार में 255 बैंकिंग आउटलेट्स और देश भर में 1049 आउटलेट्स की उपस्थिति स्थापित की है।

कल्याणपुर, पूर्वी चंपारण के निवासी विभिन्न बैंकिंग उत्पादों का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें बचत खाता, चालू खाता, निश्चित जमा, और आवर्ती जमा शामिल हैं। बैंक विभिन्न ऋण उत्पादों की भी पेशकश करता है, जैसे आवास ऋण, व्यापार ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं, और एटीएम नेटवर्क निर्बाध बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, श्री गोविंद सिंह, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कहा, ?कल्याणपुर में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन बिहार में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कल्याणपुर, जो क्षेत्र की कृषि धरोहर और पूर्वी चंपारण के निकटता के लिए जाना जाता है, एक गतिशील और मेहनती समुदाय का घर है। इस क्षेत्र में उपयुक्त बैंकिंग सेवाएं लाकर, हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने, स्थानीय उद्यमों का समर्थन करने, और क्षेत्र की निरंतर वृद्धि और समृद्धि में योगदान करने का लक्ष्य रखते हैं। ये बैंकिंग आउटलेट्स उन पिछड़े या निम्न-आय वाले व्यक्तियों या समूहों के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे जिनके पास वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। खछत्रमॉडल, समूह उधारी मॉडल है, जो व्यक्तियों को बिना व्यक्तिगत सुरक्षा या संपत्ति के ऋण लेने में सक्षम बनाता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन और ऋण के त्वरित पुनर्भुगतान के माध्यम से क्रेडिट अनुशासन को बढ़ावा देता है।

## दूषित पानी के कारण 'जीबीएस' के शिकार मरीजों के इलाज का खर्च दे मनपा: गोपाल शेट्टी

**बोरीवली, मुंबई।** पुणे के बाद मुंबई की ओर रुख कर नागरिकों को अपना शिकार बनाना शुरू कर चुके गुईलेन-बरे सिंड्रोम ( जीबीएस ) की मुम्बई में भी शुरूवात होने से आहत होकर उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाशराव आबिटकर को पत्र लिखकर जीबीएस के शिकार मरीजों की चिकित्सा के लिए तत्काल योग्य कदम उठाने और इसके इलाज की प्रक्रिया में महानगरपालिका को भी शामिल करवाने का निवेदन किया है। जनसेवक शेट्टी ने पत्र में लिखा है कि पुणे के बाद मुंबई में भी गंभीर बीमारी जीबीएस की इन्ट्री चिंताजनक है। इसके शिकार रोगी जहां मुम्बई में अपना इलाज करवा रहे हैं वहीं अन्य नागरिक इसके खौफ में हैं। यह रोग संपूर्ण मुंबई और महाराष्ट्र में ना फैले इसके लिए तत्काल कदम उठाने की



आवश्यकता है। इस न्यूरोलॉजिकल बीमारी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक उपाय करना आवश्यक हो गया है।

इसके नियंत्रण और इसके शिकार लोगों की चिकित्सा के लिए जनता के हित में जनसेवक गोपाल शेट्टी ने पत्र में कुछ ठोस सुझाव प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता निधि व अन्य आरोग्य निधियों से जीबीएस से पीड़ित नागरिकों की चिकित्सा हेतु विशेष सहायता तत्काल उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाना आवश्यक हो गया है। राज्य के सभी जिला अस्पतालों, उप-जिला अस्पतालों तथा वैद्यकीय महाविद्यालयों में 'इम्यूनोग्लोब्युलीन इंजेक्शन' मुक्त में उपलब्ध कराया जाए। जीबीएस के खिलाफ जंग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम संपूर्ण राज्य में नियुक्त करते हुए इसकी मुफ्त जांच के लिए शिविर शुरू करने की आवश्यकता लग रही है ताकि इसके रोगी चिन्हित किया जा सकें और उन्हें समय पर इलाज मिल सके। इसके अलावा अखबारों व चैनलों के माध्यम से जन जागृति फैलाना आवश्यक हो चला है, लोगों को इनके माध्यम से जागरूक किया जाना चाहिए। इसके शुरूआती लक्षणों को देखते ही इसकी चिकित्सा और रोकथाम के लिए योग्य प्रयास सुनिश्चित हो जाए तो जीबीएस पर आसानी से काबू पाया जा सकता है।

जनसेवक गोपाल शेट्टी ने अंत में लिखा है कि 74427 करोड़ का हाल ही में महानगरपालिका का बजट 2025-26 प्रस्तुत हुआ है इतने बड़े बजट में जीबीएस से पीड़ित नागरिकों की चिकित्सा का भी प्रावधान होना चाहिए । लैब में हुई जांचों से स्पष्ट है कि यह बीमारी दूषित जल के कारण ही फैलती है और लोग शिकार बनते हैं ऐसे में मुम्बई में पानी की आपूर्ति करने वाली महानगरपालिका को ही इसकी चिकित्सा का सारा खर्च वहन करना चाहिए।

जीबीएस से पीड़ित नागरिक भले ही किसी प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवा रहा हो , उसके इलाज का सारा खर्च महानगरपालिका को करना आवश्यक है ऐसा मेरा स्पष्ट मत है।










